हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025



# नाम वापसी के बाद 34 अभ्यर्थी मैदान में, संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक चौदह, 20 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रविवार की शाम तक चली इस प्रक्रिया के बाद अब पंद्रह ट्रस्टी के चुनावी मैदान में कुल 34 अभ्यर्थी शेष रह गए हैं। संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक 14 सदस्यों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। ट्रस्ट के तीन हजार मतदाता अब 20 जुलाई को 15 ट्रस्टी चुनने के लिए मतदान करेंगे। वहीं मतगणना की प्रक्रिया 21 जुलाई को पूरी की जाएगी। यह 15 ट्रस्टी ही मंदिर समिति ट्रस्ट के नए अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। इधर नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही अब चुनावी मैदान में शेष अभ्यार्थियों ने अपना प्रचार अभियान भी शुरु कर दिया है।

## मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद साफ हुई चुनावी तस्वीर

### चुने जाएंगे 15 ट्रस्ट मेंबर

डोंगरगढ़ मंदिर समिति ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को होने वाले मतदान में कुल 15 ट्रस्ट सदस्य चुने जाएंगे। इनमें संरक्षक श्रेणी से सात, आजीवन श्रेणी से पांच एवं साधारण श्रेणी से तीन ट्रस्टी चुने जाएंगे। यह चयनित 15 ट्रस्टी अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। ज्ञात हो कि मंदिर समिति ट्रस्ट में कुल तीन हजार सदस्य हैं। जिनमें साधारण श्रेणी में करीबन 1520 सदस्य हैं। आजीवन श्रेणी में 950 सदस्य और संरक्षक श्रेणी में 522 सदस्य हैं।



### प्रचार अभियान का आगाज

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव को लेकर डोंगरगढ़ में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया के निपटने बाद अब प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार अभियान का भी आगाज कर दिया है। पुरानी कार्यकारिणी के सदस्य जहां अपने कार्यकाल में हुई उपलब्धियों को मतदाताओं तक पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरा खेमा ने ट्रस्ट के कामों में हुई गड़बड़ियों की पोल खोल रहे हैं। मतदान को सिर्फ सात दिन शेष होने के चलते एक-दो दिनों के भीतर प्रचार में तेजी आने की भी उम्मीद है।

### यह सदस्य चुनावी मैदान में

**संरक्षक श्रेणी** में मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार चावड़ा, योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, अनिल कुमार गट्टानी, नारायणलाल अग्रवाल, नवनीत तिवारी, गोविंदलाल चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरिश भंडारी एवं विनोद तिवारी शामिल हैं। संरक्षण श्रेणी से सात ट्रस्टी चुने जाएंगे।

**आजीवन श्रेणी** में पीतांबर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र अग्रवाल, रघुवर अग्रवाल, देवेंद्र कुमार मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा, संजय यादव एवं क्रांति टम्मी नामदेव शामिल हैं। आजीवन श्रेणी से पांच ट्रस्टी चुने जाएंगे।

**साधारण श्रेणी** में बबलू शांडिल्य, गौतमचंद चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, अशोक कुमार साहू, सुमित पोद्दार, दीपक चंदाराणा, कौतुभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल एवं महेश तिवारी शामिल हैं। साधारण श्रेणी से तीन ट्रस्टी चुने जाएंगे।

---

## नए नियमों से बिल्डरों पर कसेगा शिकंजा, लोगों को मिलेगी राहत

# अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, बेचकर भी किसान खरीददार का रहेगा पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले सहित अब छत्तीसगढ़ में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लाया गया है। इसके तहत कई नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों से बिल्डरों पर शिकंजा भी कसेगा। इन नियमों के लागू होने के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग कर नहीं पाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा।

अब तक देखा गया है कि बिल्डर किसी भी किसान की जमीन कम दर पर खरीदकर वहां कालोनी या फिर अन्य प्रोजेक्ट लाकर उस जमीन के जरिये जमकर मुनाफा कमाता है, लेकिन नए नियम के तहत जमीन बेचने के बाद किसान का जमीन पर हक जरूर नहीं रहेगा, लेकिन उस जमीन पर अगर कोई कालोनी या प्रोजेक्ट संबंधी कोई प्रस्ताव बिल्डर बनाता है, तो इसके लिए पहले उसे संबंधित जमीन के किसान से भी सहमति लेनी होगी। उसकी सहमति के साथ बिल्डर को उस जमीन पर नया कार्य शुरू करने की अनुमति मिल पाएगी। इस तरह अपनी जमीन बेचने के बाद भी किसान उस जमीन के खरीददार का पार्टनर की तरह जुड़ा रहेगा। जिससे उसे लाभ भी मिलेगा।

### खास बातें

- अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम की कार्रवाई सुस्त
- प्लाटिंग करने से पहले ही बताना होगा किस हिस्से में क्या बनेगा
- नियम नहीं मानने पर होगी कार्रवाई



### किसानों को भी मिलेगा फायदा

नगर निवेश विभाग का कहना है कि नए नियमों से कृषि भूमि बेचने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जमीन बेचने के बाद भी एक प्रकार से वे खरीदार या बिल्डर के पार्टनर की तरह होंगे, क्योंकि उस जमीन पर कोई भी कालोनी का निर्माण या प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए उनकी सहमति वाले आवेदन को ही अनुमति मिलेगी। इससे जमीन बेचने के बाद भी किसान को भी लाभ मिलेगा।

### सुझावों का परीक्षण

सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत राजनांदगांव, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर आदि जिलों में भी दावा-आपत्ति एवं सुझाव मांगे गए हैं। इन सभी जिलों से आपत्ति एवं सुझाव आने के बाद इनका परीक्षण किया जाएगा, जो आपत्तियां सही होंगी, उनका निराकरण भी किया जाएगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 के तहत प्लाटिंग करने के नियमों में बदलाव किया है। इस संबंध में दो सप्ताह पहले अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन नियमों को पूरे राज्य में लागू किया जाना है।

### इन नियमों का करना होगा पालन

प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाईड लाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा। जिससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग का काम बंद भी हो जाएगा। अभी तक बिल्डर या भू-माफिया कोई भी कृषि भूमि को क्रय करने के बाद प्लॉट काटना शुरू कर देते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्लाटिंग अब दो एकड़ से कम जमीन पर नहीं की जा सकेगी। इसकी अनुमति नहीं होगी।

### प्लाटिंग से पहले से पूरा प्लान शो करना होगा

अब तक देखा जाता है कि कई बिल्डर प्लॉट काटने के बाद तय करते थे कि उसकी कुल जमीन में कौन से हिस्से में कौन सा निर्माण करना है, लेकिन नए नियम के तहत अब प्लॉट काटने से पहले अपने पूरे प्लान को शो करना होगा कि कौन से क्षेत्र में सड़क, व्यावसायिक काम्पलेक्स, गॉर्डन या अन्य का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा।

---

# आबादी इलाके में घुसा तेंदुआ ग्रामीणों ने की रातभर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिले के अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के आटरा गांव में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक तेंदुए को खुलेआम घूमते देखा। डर और कौतूहल के मिले-जुले माहौल में गांव के ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए उसके आसपास ही डेरा जमाए रहे। पूरी रात वन महकमा, ग्रामीण तथा पुलिस पार्टी तेंदुआ को रेस्क्यू करने गांव में डटे रहे।

उल्लेखनीय है कि जंगल से भटक कर ग्राम आटरा में शनिवार देर शाम जैसे ही एक तेंदुआ गांव की सीमा में दाखिल हुआ, ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल वन विभाग और स्थानीय थाना को सूचना दी गई। जिसपर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के हो-हल्ला के बीच जंगल से भटका हुआ तेंदुआ गांव के एक किसान की बाड़ी में झाड़ियों के बीच दुबक गया। लगभग 8 घंटे की कड़ी मशक्कत और संयुक्त प्रयास के बाद तेंदुआ को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। इस पूरी घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। सुबह करीब 3 बजे तेंदुआ जंगल की ओर लौट गया, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



### मुनादी कराई जा रही

सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ सुरक्षित जंगल की ओर निकल गया। ग्रामीण व जंगली-जानवर की सुरक्षा के लिए एक सप्ताह तक आसपास के गांवों में मुनियादी कराई जाएगी, ताकि लोग सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में सजगता बरतें।

**- मनेन्द्र कुमार सिरदार**, एसडीओ, फारेस्ट अं. चौकी

### रातभर जागते रहे अफसर-ग्रामीण

जैसे ही आटरा गांव में तेंदुआ के पहुंचने की खबर वन विभाग को मिली, तत्काल वन अमला तथा पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। साथ ही रातभर जागते हुए तेंदुआ की निगरानी करते रहे।

**सुरक्षित निकाला बाहर:** वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से तेन्दुआ को सुरक्षित बाहर निकालने का काम सफल रहा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जांचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

---

# भगवान महाकाल की पालकी शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



सावन के पावन महीने में प्रत्येक सोमवार को शहर सहित जिलेभर में महाकाल भक्तों द्वारा निकाली जाने वाली भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी शोभायात्रा इस वर्ष भी श्रद्धाभक्ति के साथ निकाली जाएगी। महाकाल भक्त नीलू शर्मा और पवन डागा ने बताया कि भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर के रूप में नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। यह पालकी यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करेगी। इस दौरान बाजे-गाजे, भक्ति-भजनों के साथ यात्रा निकाली जाएगी।

▸▸ शेष पेज 12 पर

### धोती-कुर्ता में भक्त होंगे शामिल

भगवान महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती, कुर्ता पहनकर पालकी शोभायात्रा में शामिल होंगे। भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर की इस पालकी यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं में भी उत्साह नजर आता है। प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु इस शोभायात्रा में शामिल होते हैं।

---

# गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर नेशनल हाईवे में युकांइयों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में झलमला से लेकर कोहका तक बन रहे सड़क निर्माण में हो रहे अनियमितता एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के विरोध में जिला युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा ईरागांव-कहगांव के मध्य पुलिया में चक्काजाम किया, जहां गत दिवस बारिश के दौरान घटिया निर्माण कार्य के चलते पुलिया का अप्रोच वाल किसान के फसल में गिर गया था। गनीमत रहा कि एप्रोच वाल रात में गिरा, दिन में गिरने से बड़ी जानमाल की हानि हो सकती थी।

युकां कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को मानपुर के बस स्टैंड में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे एवं गुणवत्ताहीन

▸▸ शेष पेज 12 पर



### पदयात्रा कर जताएंगे विरोध

युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल ने कहा कि आगे भी ऐसे सड़क की दुर्दशा होने पर पदयात्रा कर शासन-प्रशासन को जगाने का कार्य करेंगे। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि यह सरकार पहले से रोजगार विरोधी, किसान विरोध, शिक्षा विरोधी तो है ही और अब विकास कार्यों के भी विरोधी हो रही है।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन:** अनुविभागीय अधिकारी अमितनाथ योगी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण, किसान को फसल नुकसान का मुआवजा एवं किसानों के आवाजाही हेतु सड़क निर्माण की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कांग्रेसी और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बारिश बंद होने पर हम लोग जल्दी गिरे हुए वाल और सड़क की स्थिति हो सुधार लेंगे, किसान को उचित मुवावजा दिया जाएगा।

**वाहनों की लगी लंबी कतार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम पर शासन-प्रशासन चौकन्ना रही। पुलिस बल के साथ एसडीओपी, एसडीएम सहित प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सड़क के दोनों ओर लंबी दूरी तक गाड़ियां खड़ी रही।

---

## मंडलों कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला कार्यकारिणी का होगा गठन

# तीन महीने बाद मंडल कार्यकारिणी जारी, महिलाओं को 30% हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद से ही जारी कार्यकारिणी का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया है। तीन महीने के अंतराल पश्चात रविवार को भाजपा ने शहर उत्तर मंडल एवं दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी सूची जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस बार मंडल कार्यकारिणी में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के साथ ही महिलाओं को भी 30 फीसदी हिस्सेदारी दी गई है। इधर अब मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला भाजपा की कार्यकारिणी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने पिछले साल 23 दिसंबर 2024 को जिले के सभी 16 मंडल के लिए नए अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के चलते कार्यकारिणी गठन का काम रूक गया था। चुनावी परिणाम सामने आने के बाद मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में एक पत्र जारी कर जिला भाजपा ने सभी मंडल अध्यक्षों से अप्रैल के पहले सप्ताह तक अपनी कार्यकारिणी बनाकर जिला संगठन के पास सौंपने को कहा था। ऐसा माना जा रहा था कि अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में कार्यकारिणी जारी कर दी जाएगी, लेकिन शीर्ष नेताओं के चहेतों को स्थान नहीं मिलने से समन्वय की स्थिति नहीं बनने के चलते सूची जारी होने में देरी होती रही। हालांकि बीच-बीच में एक से दो मंडल की कार्यकारिणी जारी होती रही। अब सभी मंडल की कार्यकारिणी जारी कर दी गई है।

### उत्तर में हेतल उपाध्यक्ष, नरेंद्र कोषाध्यक्ष

भाजपा उत्तर मंडल की कार्यकारिणी में सुमित भाटिया अध्यक्ष, हेतल भोजानी, मदन यादव, सज्जन सिंह ठाकुर एवं श्रीमती शालू शर्मा उपाध्यक्ष, चंद्रभा जंघेल और विनोद भारती महामंत्री, नरेंद्र हंसा कोषाध्यक्ष, नरेश कोचरे व प्रमोद साहू सह-कोषाध्यक्ष, संजय पात्रे, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती नेहा शर्मा एवं सुश्री रानू मेश्राम मंत्री, मनोहर साहू कार्यालय मंत्री, श्रीमती प्रेमा सोनकर व मनीष श्रीवास्तव सह-कार्यालय मंत्री, कबीर साहू व अंकित गढ़वाल मीडिया प्रभारी, कमल सिंह ध्रुव सोशल मीडिया प्रभारी एवं अशोक सिन्हा सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी में 66 सदस्यों व विशेष आमंत्रित सदस्य में 35 लोगों को शामिल किया गया है।

### दक्षिण में बलवंत महामंत्री, दामू कोषाध्यक्ष

भाजपा दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी में प्रशांत गुप्ता अध्यक्ष, गितेश गुप्ता, प्रकाश मारकण्डेय, श्रीमती भानू साहू एवं रवि साहू उपाध्यक्ष, अशोकादित्य श्रीवास्तव एवं बलवंत साव महामंत्री, प्रवीण शुक्ला, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती देवकी देवांगन एवं श्रीमती रश्मि साहू मंत्री, सुरेश साहू कार्यालय मंत्री, राज सोनकर एवं डिंपल सेन सह-कार्यालय मंत्री, मनोज मिश्रेकर मीडिया प्रभारी, रोहित अवचट सह मीडिया प्रभारी, चेतन यादव सोशल मीडिया प्रभारी एवं नरेश सारथी सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके साथ ही 50 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। 56 को विशेष आमंत्रित सदस्यों में स्थान मिला है।

**जिले में भाजपा के सोलह मंडल :** ज्ञात हो कि जिले में भाजपा के कुल 16 मंडल हैं। इनमें राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत राजनांदगांव दक्षिण मंडल, राजनांदगांव उत्तर मंडल, सुकुलदैहान मंडल व सोमनी मंडल शामिल हैं। इसी तरह डोंगरगढ़ विधानसभा के डोंगरगढ़ शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, तिलई मंडल, घुमका मंडल हैं। डोंगरगांव विधानसभा में डोंगरगांव, अर्जुनी मंडल, तुमड़ीबोड़ मंडल, मुसरा-मुरमुंदा मंडल व लालबहादुर नगर मंडल शामिल हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया मंडल, गैंदाटोला मंडल व कुमर्दा मंडल में अध्यक्ष की नियुक्ति 23 दिसंबर 2024 को कर दी गई थी।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विशेषज्ञ

डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूख न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, पाइल्स, गांठ, पानी भरना, टी.बी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का कैंसर, हेपेटाइटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैन्क्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 15 जुलाई 2025, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेव टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण को सुरक्षित रखने पेड़ लगाएंः जैन

**खड़गांव।** व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजय जैन ने पर्यावरण



सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाने का आव्हान किया है। श्री जैन ने आमजनों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक बने और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना और पर्यावरण को सुरक्षा देना सबकी जिम्मेदारी है इसलिए सबको जिले में लगभग दो लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखना है। उन्होंने आगामी 18 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का आव्हान किया है।

### प्रवेश द्वार का होल्डिंग ठीक करने की मांग



**सड़क अतरिया।** ग्राम का प्रवेश द्वार हादसे को न्यौता दे रहा है। विभाग के संज्ञान में लाने के बाद भी प्रवेश द्वार के होल्डिंग को ठीक नहीं किया जा रहा है जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। गांव के मुख्य चौक के समीप बने प्रवेश द्वार पर लगा होल्डिंग लटका हुआ है। आंधी चलने पर यह हिलने लगता है जिससे गिरने का डर बना हुआ है। होल्डिंग के अचानक गिरने पर घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने होल्डिंग ठीक कराने की मांग की है।

### दिलीप वर्मा बने जिला भाजपा के नए मुखिया



**अंबागढ़ चौकी।** प्रदेश भाजपा संगठन ने दो साल में जिला भाजपा अध्यक्ष के पद पर चौथी बार नियुक्ति की है। इस बार जिला संगठन प्रमुख के पद पर अधिवक्ता दिलीप वर्मा को नियुक्त किया गया है। जिला महामंत्री का दायित्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी और अनिल गुप्ता को दिया है। नई नियुक्ति होने के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। जिला भाजपा अध्यक्ष एवं महामंत्री के नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं नगर में आतिशबाजी कर मिठाई बांटा। जिला भाजपाध्यक्ष के पद पर दूसरी बार अंबागढ चौकी क्षेत्र के भाजपा नेता की नियुक्ति हुई है। इससे पहले पूर्व विधायक संजीव शाह को कमान सौंपा गया था। शनिवार को जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह में एकत्रित होकर नए जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## अफसरों की लापरवाही उजागर, सालों तक नहीं लिया यूजर चार्ज

# लंबित यूजर चार्ज की एकमुश्त वसूली से व्यापारी और नागरिक हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नगर पंचायत द्वारा कचरा कलेक्शन के एवज में मांगे जा रहे यूजर चार्ज को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने इस बात पर नाराजगी जताया कि नगर पंचायत पिछले कई महिनों की बकाया वसूली एक साथ कर रहा है। इधर नगर पंचायत का दावा है कि शासन के निर्देश पर यूजर चार्ज वसूला जा रहा है।

नगर पंचायत द्वारा कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जा रहा यूजर चार्ज चर्चा का विषय है। कोई इसे निकाय का नया टैक्स बता रहा है तो कोई इसे पार्षदों द्वारा की गई इंदौर की यात्रा से जोड़ कर देख रहा है। कुछ व्यापारियो ने मुफ्त में बांटे गए डस्टबीन की वसूली बता रहा है। नगर के व्यवसायी पवन देवागंन ने यूजर चार्ज के लिए मिले चार सौ की डिमांड को फ्री में बांटे गए डस्टबीन की वसूली कहा है। इधर सीमएओ ने विजय पांडे ने बताया कि यूजर चार्ज शासन के निर्देश एवं स्वच्छ भारत मिशन से मिले स्लैब के आधार पर लिया जा रहा है। उन्होने कहा की नियम विरूद्ध वसूली नही की जा रही है। जिन्होंने लंबे समय से यूजर चार्ज नहीं दिया है उन्हे डिमांड नोटिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि भेजे गए डिमांड को लेकर कोई शिकायत है तो कार्यालय आकर समाधान कर सकते है।

### शुल्क को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे लोग



#### नया कर आरोपित नहीं

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने यूजर चार्ज को लेकर व्यापारियो की ओर से आई शिकायतों का समाधान करते हुए कहा कि नई परिषद द्वारा नगर में स्वच्छता के नाम पर नया कर आरोपित नही किया गया है। उन्होने कहा कि नगर में यूजर चार्ज के लिए डिमांड नोटिस भेजा गया है वह शासन के निर्देष पर दिए गए स्लैब के आधार पर वसूला जा रहा है।

#### मिलेगी व्यापारियों को राहत

नगर अध्यक्ष ने बताया कि निकायों में 2017 से यूजर चार्ज प्रभावशील है। शासन के निर्देश अनुसार दो- तीन साल के अंतराल में गाइडलाईन अनुसार इसे बढाया जाना है। नगर पंचायत की पिछली परिषद एवं तत्कालीन सीएमओ ने शासन के निर्देष का पालन क्यों नहीं किया यह जांच का विषय है लेकिन वर्तमान में लंबित यूजर चार्ज का एक साथ वसूल किया जाना अव्यवहारिक है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि इन प्रकरणो में व्यापारियों को राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समस्या के निराकरण का प्रयास करेंगे। व्यापारियों को यूजर चार्ज की अदायगी के लिए समय और राहत दिलाया जाएगा।

# सड़क बदहाल, कांग्रेस ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ जर्जर सड़क से हो रही थी परेशानी

खैरागढ़ से डोंगरगढ़ और करेला भंडारपुर मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए कांग्रेस ने विरोध करते हुए चक्का जाम किया। आंदोलन करने के पहले कांग्रेस ने प्रशासन को चेताया था लेकिन प्रशासन के ध्यान नहीं देने पर कांग्रेस को मार्ग की मरम्मत और नवीन निर्माण के लिए चक्काजाम करना पड़ा। आंदोलन के बाद यह स्थिति साफ हुई कि बरसात के बाद खैरागढ़- डोंगरगढ़ और खैरागढ़ से ढारा, करेला – भंडारपुर मार्ग का नवीन निर्माण करा दिया जाएगा। तात्कालिक व्यवस्था के लिए एक सप्ताह के अंदर दोनों मार्ग के गड्ढों का भरा जाएंगा। कांग्रेस ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

आंदोलन का नेतृत्व विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। प्रदर्शन में मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शहर अध्यक्ष विजयराज सिंह, शिशुपाल भारती, प्रकाश महानदी, के विनायक राव, दिनेश साखरे, नरेश करसे, दुलीचंद बडोले ,गणपत रजक, कृष्णा लिल्हारे, गजेंद्र साहू, रूपेश मसीह, राकेश टंडन, प्रकाश शर्मा, बबलू खोब्रागड़े, मनोज सहारे, कैलाश मेश्राम सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# स्कूल भवन एवं किचन शेड़ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम चकनार का प्राथमिक शाला भवन काफी जर्जर हो गया है। यह भवन लगभग दो दशक पुराना है जिसकी छत जर्जर हो गई है। बारिश होने पर छात्रों का बैठना मुश्किल हो जाता है। छत की अनगिनत जगह से पानी टपकता है। छत का मलबा भी अनायास गिरते रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से कई दफा शिक्षा एवं पंचायत विभाग को अवगत किया जा चुका है तथा नया भवन की मांग किया गया पर न तो अब तक पुराने भवन की मरम्मत हुई है और न नया भवन स्वीकृत हुआ है। तेज बारिश होने पर छात्रों को छुट्टी देना पड़ जाता है या फिर एक- दो कक्ष में पांच कक्षा के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाना पढ़तर है। विद्यालय द्वारा छत पर त्रिपाल लगाकर पानी रिसने से बचाने का प्रयास किया गया है।



#### किचन शेड में टपकता है पानी

ग्रामीण एवं पालकों ने बताया कि यहां का किचन शेड़ भी जर्जर हो गया है। पानी पटकने से राशन भीग जाता है। पानी गिरने पर यहां भोजन पकाना दिक्कत भरा हो जाता है। बरसाती पानी से पके भोजन एवं राशन को बचाना कठिन हो जाता है।

# बारिश लगते ही सड़कों पर मवेशियों का जमघट

### मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में बीते कुछ सालों से घुमंतु मवेशियों की संख्या बढ़ते जा रही है जिनका सड़कों पर जमघट होने से हादसे भी बढ़ रहे है।

कभी दो पहिया वाहन सवार तो कभी मवेशियों को अपनी जान गंवाना पड़ रहा है। मार्ग में कुछ ऐसी चिन्हांकित जगह है जहां दिन- रात मवेशियों का जमघट लगा रहता है जिसके चलते आए दिन छोटी बड़ी दूर्घटना होते रहती है। फसल बोआई शुरू होने के बाद से सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ते जा रहा है। छुईखदान- गंड़ई मार्ग पर जगह जगह मवेशियों का झुंड़ डेरा डाले रहता है। कुकुरमुड़ा चौक, अतरिया, नर्मदा चौक, चकनार, खैरा नवापारा आदि जगह मवेशियों का झुंड़ देखा जाता है जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। रात तथा बारिश होने के दौरान परेशानी और बढ़ जाती है।



#### बढ़ रहे घुमंतू मवेशी

पशु पालकों के पास मवेशीयों की संख्या में लगातार कमी देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर घुमंतु मवेशी की संख्या बढ़ रही है। जिसकी बड़ी वजह कृषि कार्यों में मवेशी की जगह यंत्रों ने लिया है। देशी गायों से पर्याप्त दूध नहीं मिलने से भी मवेशी पालन से मोह कम हो रहा है। जब तक गाय से दूध मिलता है तब तक लोग उसे घर ले जाने में रूचि दिखाते हैं। पंचायत द्वारा घुमंतु मवेशीयों को कांजी हाऊस में रखने पर कोई मवेशी पालक उन्हें छुड़ाने नहीं आता। चारा पानी के आभाव मे मवेशियों को मजबूरन मवेशियों को छोड़ना पड़ता है।

# महिलाओं ने मनाया श्रावण महोत्सव



**गंडई पंडरिया।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के आव्हान पर क्षेत्र की राजपूत परिवार की महिलाओं ने श्रावण महोत्सव का आयोजन किया। लगभग तीन घंटे तक चले इस समारोह में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

चर्चा में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के साथ बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मंडल महासभा की अध्यक्ष रश्मि सिंह मुख्य अतिथि थी। गंडई महिला मंडल की अध्यक्ष सुभद्रा चंदेल ने अध्यक्षता की। सचिव मधुबाला सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। इस मौके पर मीना चंदेल, उषा बैस, संगीता राजपूत, साक्षी चंदेल, प्रीति राजपूत, किरण राजपूत, छबीली राजपूत, ज्योत्सना राजपूत, लता राजपूत, सरिता राजपूत, रीना राजपूत, विनीता राजपूत, रूपा राजपूत, बबिता, किरण, उमा राजपूत सहित अन्य मौजूद थी।

# श्रमदान कर बनाया सड़क

**डोंगरगांव।** लगातार मांग और ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी सुनवाई नहीं होने पर वार्ड 13 के नागरिकों ने श्रमदान करते हुए सड़क की मरम्मत किया। नागरिकों ने बताया कि मानदास साहू के घर से डॉ निरेन्द्र साहू के मकान तक सड़क काफ़ी जर्जर हो गई थी।

सड़क मरम्मत के लिए कई बार नगर प्रशासन से आग्रह किया गया किन्तु ध्यान नहीं देने के बाद नागरिकों ने श्रमदान कर सड़क का जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाया। वार्ड के नरेश साहू, केपी साहू, भजन साहू, नीलकंठ साहू, वीरेंद्र ठाकुर, गीतू नेताम, उमेश, साकेत, हेमू, केडी साहू एवं मोहल्ले के नागरिकों ने श्रमदान कर सड़क को दुरुस्त किया।



### फसल बीमा 31 जुलाई तक

**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कार्य शुरू हो गया है जो आगामी 31 जुलाई तक जारी रहेगा। कृषक धान, सोयाबीन, अरहर, मुंग, उडद, टमाटर आदि फसल का बीमा करा सकते हैं।

# प्रभारी ने ली कांग्रेस भवन की जानकारी

### कंबलकर का छुईखदान में आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं पार्टी परिसंपत्ति प्रभारी नितिन कंबलकर का आज शहीद नगरी छुईखदान आगमन हुआ।

छुईखदान पहुंचने पर श्री कंबलकर का ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में जोरदार स्वागत हुआ। जानकारी के अनुसार श्री कंबलकर परिसंपत्ति संबंधित जानकारी एकत्रित करने प्रदेश का दौरा कर रहे है। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शहिद खान भी पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने परिसंपत्ति की जानकारी एकत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय की जानकारी पर ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनका सौभाग्य है उन्हे इस भवन में आने का मौका मिला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में सदस्यों ने नितिन कंबलकर को जानकारी सौंपी।



#### दान की जमीन पर बना भवन

कांग्रेस कार्यालय के बारे में कहा जाता है कि यहां से आजादी की लड़ाई लड़ी गई है। पहले यह भवन जिला दुर्ग कांग्रेस कार्यालय का मुख्यालय था। नगर के सेनानियों आजादी की लड़ाई के लिए कार्यालय का निर्माण किया था। वरिष्ठ कांग्रेसी स्व बसंत राम महोबिया ने जमीन दान कर कार्यालय बनाया था। कार्यालय का निर्माण 1912 ने सेनानियों ने मिलजुलकर किया था। बैठक में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, छोटे राजा देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, प्रकाश महोबिया, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, आशु खान, केदार जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## सावन माह का पहला सोमवार आज

# शिवालयों में आज उमड़ेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शिव पूजा का माह सावन शुरू हो गया है। शिव भक्ति के लिए सावन माह तथा सोमवार को अहम माना जाता है। पहला सावन सोमवार कल है। कल सभी शिवालयों में भक्तों का रेला रहेगा। वनांचल स्थित चोरणाधाम के शिवालय में स्थानीय के अलावा पड़ोसी जिले के शिव भक्त पहुंचेंगे। सावन माह में यहां श्रद्धालुओ का आवाजाही रहती है।

चोरडाधाम में धरातल से 50 फिट नीचे प्राचीन शिव मंदिर है। चट्टानों के बीच से गौमुख से होकर शिवलिंग पर गिरता जल इस शिवालय को खास बनाता है। शिव भक्त जल, दूध, धतुरा, फल- फूल, बेलपत्र, शहद,चावल आदि अर्पण कर शिव की स्तुति करते हैं।

#### यहां भी दिखेगी आस्था

घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर तथा नर्मदा स्थित शिव मंदिर में भी सोमवार को शिव भक्ति देखने मिलेगी। मंदिर समिति ने भक्तों को सुविधा मुहैया कराने की तैयारी किया है।



#### विकास की दरकार

चोरड़ाधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में एक है। जिला बनने के बाद लोग अनुमान लगा रहें थे कि अब यहां विकास तेजी से होगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल में इसे स्थान मिलेगा पर क्षेत्रवासियों का सपना अब तक अधूरा है। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से कुछ वर्ष पहले विभाग द्वारा चोरड़ाधाम को पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है पर अब तक पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल नहीं हुई है। यहां भवन, पेयजल, यातायात, रौशनी सहित अन्य सुविधाओं का विकसित करने की आवश्यकता है।

#### आकर्षक स्थान

यहां महाशिवरात्रि, नवरात्रि, पूर्णिमा सहित कुछ अन्य पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। सावन माह यह स्थान श्रद्धालुओं से गुलजार रहता है। यहां का शीतल जल कुंड के जल को औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता। प्राकृतिक सुंदरता के कारण चोरड़ाधाम वर्ष भर पर्यटकों को आकर्षित करता है। बरसात में यहां झरना देखने मिलता है।

#### सड़क की मांग अधूरी

नर्मदा- साल्हेवारा मार्ग से चोरडाधाम की दूरी एक किमी है पर अब तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। यहां पहुंचने के लिए कच्चा मार्ग है जिसमें जगह जगह पर छोटे बड़े गड्ढे हैं। मंदिर समिति तथा ग्राम पंचायत कई बार मार्ग के डामरीकरण की मांग को विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रख चुकी है परन्तु सड़क का कायाकल्प नहीं हो सका।

# बाल केबिनेट ने संभाला पदभार



**कल्लूबंजारी।** शनिवार को पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के बाल केबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पौधरोण किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानपाठक एआर साहू थे। अध्यक्षता प्रधानपाठक युएस मंडावी ने की। विशेष अतिथि डीके कुरेटी, एएस ठाकुर, सीएल भुआर्य, जेएन नेताम एवं सीएस उइके थे। स्वागत के बाद मुख्य अतिथि साहू ने बाल केबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। संचालन केबिनेट की संसदीय मंत्री रिषिका नटानी एवं आभार प्रदर्शन उरांसी कंवर ने किया। इस दौरान शिक्षक श्री कुरेटी के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर देखभाल करने का संकल्प लिया।

#### यह हैं पदाधिकारी

बाल केबिनेट में प्रधानमंत्री उरांसी कंवर, उप प्रधानमंत्री ललेश्वर ताम्रकार, वित्तमंत्री बिंदिया साहू, अनुशासन मंत्री यशराज तिवारी, खेल मंत्री हर्ष टेम्बुरकर, सांस्कृतिक मंत्री कशिश सिन्हा, स्वच्छता मंत्री साधना निर्मलकर, स्वास्थ्य मंत्री केशर साहू, खाद्य मंत्री आरती कंवर, गणवेश एवं पुस्तक आपूर्ति मंत्री कश्यप यादव, जल आपूर्ति मंत्री भारती सिन्हा, वन पर्यावरण एवं बागवानी मंत्री चांदनी कंवर, युथ एंड इको क्लब मंत्री गुंजन पटेल, विद्युत मंत्री लिलेन्द्र भारतद्वाज, संसदीय कार्य मंत्री रिशिका नटानी, संचार एवं सूचना प्रसारण मंत्री लिलिमा धुर्वे, लेखा एवं व्यवस्था मंत्री स्वाति टेमरे है।



## खबर संक्षेप




### पानी बचाने का आह्वान

**भगवानटोला।** ग्राम में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर नारी जल यात्रा निकाला गया तथा पौधरोपण किया गया। अतिथि के तौर पर पद्मश्री फुलबासन बाई यादव , सरपंच कांति भागीरथ तारम, सचिव धीराजीदास उइके , उपसरपंच कचरू राम कंवर उपस्थित रहे। सभी ने लोगों से पानी की बर्बादी रोकने, उसका सदुपयोग करने तथा पौधरोपण करने का आव्हान किया।

### पूर्व शिक्षकों का सम्मान



**पटेवा।** ग्राम के शीतला मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जय मारूति नंदन खुशबु मानस मुड़पार धमधा एवं मोर मयारु मानस परिवार गुदगुदा ने रामायण पाठ किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी साहू, जेआर साहू, एलएल साहू, बीएल साहू, पं बाबुलाल महाराज, एमएस राजपूत, टीआर हिरवानी, सीएल धनकर, एचके साहू, जनपद सदस्य तुलसी साहू, पूर्व सदस्य डोमारदास साहू, डॉ काजल साहू का सम्मान श्रीफ़ल, शाल भेंटकर किया गया। लक्ष्मी कन्या योजना अन्तर्गत कन्या प्राप्त परिवार को 3000 दिया गया। इस दौरान सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, बीरेंद्र हिरवानी, रामदिल वर्मा, जगदीश साहू, बगस बैगा, कोमल मैथिल क्षत्रीय, रोहित निर्मलकर, गौतम, भैयाराम चौहान, रोशनलाल साहू, रोहित साहू आदि मौजूद थे।

### चातुर्मास समिति के अध्यक्ष बने राही

**डोंगरगांव।** आर्यिका मां 105 श्वेतमति माता एवं आर्यिका मां 105 विदेहमति माता ससंघ के



चातुर्मास के सफल संचालन हेतु गत दिनों चातुर्मास प्रभावना समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष रमेश जैन राही, मंत्री राकेश जैन लल्ला, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन, सह कोषाध्यक्ष स्वतंत्र जैन को बनाया गया है। कार्यकारणी में देवेंद्र जैन, शैलेश जैन, रितेश जैन, निखिल जैन, आलोक जैन, प्रियंक जैन, परख जैन, चौधरी आदि जैन, सेठ सजल जैन, नमन जैन, अतिशय जैन, आशीष जैन, संध्या जैन, सुनीता जैन, दर्शना जैन, श्वेता जैन, नीलम जैन को शामिल किया
गया है।

### किसानों को उचित




### दाम पर खाद

**डोंगरगांव।** कृषि अनुसंधान एवं ज्ञान प्रबंधन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने सराहनीय कदम उठाया है। एफपीओ के सदस्य किसानों को डीएपी, यूरिया, पोटाश सहित अन्य खाद उपलब्ध कराया जा रहा है वह भी उचित दरों पर गुणवत्ता के साथ। शुभारंभ अवसर पर किसानों ने खाद की बोरियाँ ग्रहण की।एफपीओ का यह कदम दर्शाता है कि जब किसान एकजुट होते हैं, तो वह खुद समृद्धि की राह बना सकते हैं। इस पहल के बाद बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई और किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्टेट बैंक के प्रबंधक राजेश सोनी, एग्रीकल्चर डेवेलपमेंट ब्रांच के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। इस मोके पर अधिकारियों ने एफपीओ को आगे बढ़ाने और किसानों के हित में हर

---

### संघ बता रहा सही तो विवि प्रशासन का दावा औचित्यहीन है आंदोलन

# बारह सूत्रीय मांगों को लेकर संगीत विश्वविद्यालय के कर्मी स्ट्राइक पर

## गैर शिक्षकीय कर्मचारी संघ विरोध प्रदर्शन में आमादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व में जारी गलत वरिष्ठता सूची को लेकर जिम्मेदारों पर कारवाई के अलावा 42 दैवेभो कर्मचारियों की वापसी जैसे विषयों को लेकर संगीत विवि में गैर शिक्षकीय कर्मचारी संघ विरोध प्रदर्शन में आमादा है वही विवि प्रशासन इस आंदोलन को गरिमा को क्षति पहुंचाने, स्वार्थ सिद्धी के लिए संघ के कुछ कर्मचारियों का आंदोलन और औचित्यहीन बता रहा है जिसके चलते आज सामूहिक अवकाश बाद गुरूवार 17 से होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल के लंबा खींचने की उम्मीद है।

संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह, मधु श्रीवास्तव, मुकेश भट्ट, जेएन साटिया, सौरभ सिंह चौहान, प्रतीक टहनगुरिया, सीआर कुंजाम सहित अन्य ने बताया कि कर्मचारी हित को लेकर संघ लगातार अपनी मांगों के निराकरण की दिशा में सकारात्मक निर्णय के लिए विवि प्रशासन से पत्र व्यवहार करते आ रहा है, लेकिन आज दिनांक तक उक्त मांगों को लेकर किसी भी प्रकार की पहल नही की गई। उनकी 12 सूत्रीय जायज मांगों को लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है, जिसके चलते अब उन्हें सड़क की लड़ाई के लिए मजबूर होना पड़ा है।



### डरा-धमकाकर आंदोलन में कर रहे शामिल

संघ के आंदोलन को लेकर विवि प्रशासन का कहना है कि देश-विदेश में एक अलग पहचान रखने वाले इंदिरा कला संगीत विवि की गरिमा को क्षति पहुंचाने, अपने स्वार्थ सिद्धी के लिए गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के कुछ कर्मचारी कथित आंदोलन कर रहे हैं। संघ का यह आंदोलन औचित्यहीन है जिसका समर्थन उनके ही संघ के कर्मचारी नहीं कर रहे हैं, ऐसे में अपने कथित आंदोलन को सफल बनाने संघ के कुछ कर्मचारी नियमित और दैवेभो कर्मचारियों को डरा-धमकाकर आंदोलन में शामिल कर रहे हैं, जो समर्थन करने से इंकार कर रहे उन्हें अलग से मिलकर डराया धमकाया जा रहा है ताकि वो आंदोलन में शामिल होकर विवि की छवि को धूमिल करने में इनका साथ दे। विवि के विकास पर अवरोध पैदा करने की बात के साथ प्रशासन का कहना है कि प्रो डॉ लवली शर्मा के कुलपति का दायित्व संभालने के साथ ही विकास की राह प्रशस्त हो रही है। नवाचार और नई शिक्षा नीति तहत विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को लेकर कुलपति द्वारा विभिन्न कार्य कराया जा रहा है लेकिन विकास की राह में अवरोध उत्पन्न करने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के कुछ कर्मचारी अपने ही लोगों को डरा-धमकाकर कथित आंदोलन को सफल बनाने में तुले हैं।

### संघ की मांग पर नहीं हुई दोबारा बहाली

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा को



कहना है कि संघ का यह आंदोलन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को दूषित करने का प्रयास है। यहां के अधिकारी-कर्मचारियों और विद्यार्थियों में नकारात्मक असर डालने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि इसकी गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने और कीर्ति को आगे बढ़ाने पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर काम करेंगे। किसी प्रकार का आंदोलन या बाधा लक्ष्य से नही भटका सकती। उन्होने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए दैवेभो कर्मचारियों को दुबारा काम पर रखा गया है नही संघ की मांग के चलते। वो इनके संघ में शामिल नहीं है परंतु भीड़ बढ़ाने डरा धमकाकर शामिल किया जा रहा है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रहा विवि प्रशासन

संघ के शांतिपूर्ण और चरणबद्ध आंदोलन को दबाने विवि प्रशासन द्वारा दबाव धमकी और शक्ति का दुरुपयोग किए जाने के आरोप लगाते हुए संघ का कहना है कि जीवन का लंबा समय संगीत विवि की सेवा में देते आ रहे है उनका आंदोलन इसकी गरिमा और कर्मचारी हितों की रक्षा को लेकर है। पूर्व में भी कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक के लिए संघर्ष किया है लेकिन इस बार प्रशासन संघ को कमजोर करने डराने-धमकाने की रणनीति अपना रहा है। प्रशासन द्वारा 42 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मौखिक रूप से दो माह के लिए काम से निकाल दिया गया जिनकी जरूरत गर्मी के दौरान भी बनी रही इसके बावजूद उन्हें हटाया गया, जो कर्मचारी विरोधी निर्णय था। अब नया सत्र शुरू हो चुका है और प्रशासन दबाव में आकर उन्हें काम पर वापस बुला रहा है। विवि प्रशासन की कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपने हक के लिए शांतिपूर्वक आंदोलन करने का अधिकार है लेकिन दैवेक की बैठक बुलाकर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। संघ पदाधिकारियों पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

---

# सावन महीने में शुरू हुआ निर्मल त्रिवेणी महाअभियान

### रोपा सिंदूरी का पौधा, 60 पौधों का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सावन माह के पहले दिन निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के इस साल के पौधारोपण की शुरुआत हनुमान मंदिर परिसर से की गई। इस मौके पर हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष सिंदूरी का पौधा रोपित कर हरियाली की शुभ शुरुआत की गई।

इस मौके पर शिक्षक स्व. चक्रधर शरण सिंह की स्मृति में पौधा रोपित किया गया, जबकि मनोहर चंदेल द्वारा उपस्थितजनों को बीज वितरित किया गया। महाअभियान के संस्थापक भागवत शरण सिंह ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है, जो प्रकृति के अधिष्ठाता हैं इसलिए इस पावन पर्व पर पौधारोपण का आरंभ कर संपूर्ण जीवन को हरियाली से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संयोजक सूरज देवांगन ने बताया कि अब सीख मिल चुकी है कि अधिक संख्या के बजाय कम पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना ज्यादा जरूरी है इसलिए इस वर्ष सिर्फ 50-60 पौधों को पेड़ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान उमेद पटेल, मंगल सारथी, गौतम सोनी, समशुल होदा खान, जय देवांगन, नरोत्तम उर्वशा, किशोर शर्मा, राजू यदु, गोल्डू रजक, दीपक देवांगन, लक्ष्मण साहू, शेष नारायण यादव, महेश गिरी गोस्वामी, संजय कुमार, धर्मेंद्र पटेल सहित राजेंद्र सिंह ठाकुर, आलोक सिंह, अरुण रंगलानी व सीएमओ नरेश वर्मा, टोडर सिंह मौजूद थे।

### पौधों का किया जाता है संरक्षण

साल 2019 से लगातार पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय इस महाअभियान के माध्यम से इस बार मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर 50 से 60 पौधे रोपित किए जाएंगे। महाअभियान की खास बात यह है कि सिर्फ पौधे नहीं लगाए जाते, बल्कि उनके पेड़ बनने तक निरंतर संरक्षण भी किया जाता है। गर्मियों में थाल निर्माण, जल सिंचन और ढोलियों की व्यवस्था जैसी गतिविधियां की जाती हैं। लगातार सात साल से जारी अभियान में शिशु मंदिर रोड,नया बस स्टैंड परिसर, लालपुर मुक्तिधाम, मुख्य चौक दाऊचौरा और शहर के विभिन्न वार्डों में रोपे पौधे अब पेड़ बन गए है। हरियाली से शुरू हुआ यह संकल्प अब स्थायी हरित परिवर्तन का मार्ग बनता जा रहा है। पेड़ लगाकर नहीं, उन्हें सींचकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है यही इस अभियान का मूल मंत्र है।

---

# चरवाहा नहीं, पशुओं से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- अपने मवेशियों को बांधकर रखने का लिया फैसला

ग्राम के अटल बाजार चौक में किसानों ने बैठक का आयोजन कर पशुओं को खुले में नहीं छोड़ने का निर्णय लिया। फसलों को हो रहे नुकसान को देखते हुए मवेशियों को बांध कर रखने का फैसला लिया गया। बैठक में चरवाहे की व्यवस्था नहीं होने से किसानों की चिंता जताया। करीब तीन घंटे चली बैठक में नगर के सभी पशु पालकों से अपने मवेशियों को बांध कर रखने कहा गया। पशुओं को खुला छोड़ने पर एक हजार अर्थदंड देना होगा। बैठक में सोमवार को कड़ा बंद त्यौहार मनाने का फैसला लिया गया। समिति के अध्यक्ष बहल वर्मा ने बताया कि पशु किसानों की फ़सल को नुकसान पहुंचा रहे है। मेहनत को देखते हुए फसलों की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी पशु पालक अपने पशुओं की व्यवस्था स्वयं करेंगे। बैठक में बाबूलाल वर्मा, बृज वर्मा, कोमल वर्मा, दिलीप पटेल, नोहेन्द्र सिन्हा, मुरलीधर वर्मा, जय कुमार वर्मा को किसानी समिति का संरक्षक बनाया गया है। सभी वार्डो के तीन- तीन किसानों को सदस्य बनाया गया है।

# सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

साल्हेवारा पुलिस ने बस स्टैंड के पास सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शेख अकरम उर्फ बंटी खान निवासी वार्ड 14 टिकरापारा के रूप में हुई है। उसके पास से तीन नग सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन, एक मोबाइल फोन और 3490 रुपए जब्त किया गया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड साल्हेवारा में बंटी खान जुआ खिला रहा है। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर कुछ लोग भाग गए, लेकिन बंटी खान को पकड़ लिया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

# एमडी मेडीसिन देंगे अस्पताल में सेवा

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डां तिलक राज गजेन्द्र एमडी मेडीसिन सोमवार से शनिवार तक शाम 4 से 7 बजे सेवाएं देंगे। इसके पूर्व विगत सप्ताह से डॉ. अनुपमा अस्थाना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और डॉ विजय श्री जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सेवाएं दे रही हैं। डॉ अपूर्व वर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक सेवा दे रही है। धर्मार्थ चिकित्सालय में उक्त डाक्टरों के अतिरिक्त विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का लाभ नागरिक ले रहे हैं।

# गौठान की दुर्दशा पर मिशन संडे का फूटा गुस्सा

### नपा आफिस में बांधा कांग्रेसियों ने आवारा मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सोनेसरार वार्ड के गौठान की बदहाली और गौ माता के नाम पर सियासत करने वालों की असलियत को लेकर मिशन संडे टीम ने नारजागी जाहिर करते हुए टीम संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में नगर पालिका के गेट पर ही आवारा मवेशियों को बांधकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

मनराखन देवांगन ने चेतावनी देते हुए कहा गौ माता के नाम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने सबसे पहले गौठान बंद कर दिया। अब लावारिस मवेशी सडक़ों पर घूम रहे है, रोज छोटा बड़ा हादसा हो रहा है। फसलें बर्बाद हो रही हैं और नगर पालिका प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो टीम नगर पालिका के दफ्तर में घुसाकर उन्हें वहीं बांध देगी और नपा के सइन बोर्ड पर कांजी हौस अंकित कर देगी। गौठान परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की खंडित मूर्ति को लेकर यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य सूर्यकांत यादव ने चेताया कि अगर तत्काल नई मूर्ति स्थापित नहीं हुई तो यादव समाज उग्र आंदोलन करेगा।



### व्यवस्था बहाली की रखी मांग

सोनेसरार गौठान पहुंचे मिशन संडे टीम ने देखा कि गौठान की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं पानी की टंकी में क्रेक है और साफ-सफाई का नामोनिशान नहीं। किसान कुंवरदास टंडन ने कहा गौठान चालू रहने पर मवेशी बंधे रहते थे फसलें बची रहती थी। अब फसलें चौपट हो रही हैं और प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता। टीम ने स्पष्ट तौर पर मांग रखा कि गौठान को तुरंत दुबारा शुरू किया जाए, खंडित मूर्ति की जगह नई मूर्ति स्थापित की जाए, पानी की टंकी और परिसर की मरम्मत कराई जाए, चारे-पानी की समुचित व्यवस्था हो, स्थाई कर्मचारी नियुक्त किया जाए जो देखभाल करे। प्रशासन अगर मवेशियों की जिम्मेदारी नहीं उठाएगा तो अब हम भी चुप नहीं बैठेंगे। सूचना मिलने पर मौके मे पहुंचे सीएमओ नरेश वर्मा ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया मगर टीम आश्वासन नहीं अमल पर अड़ी रही।

### सड़क पर होगा आंदोलन

नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पूर्व जिपं सदस्य विप्लव साहू, विधायक प्रतिनिधि अरुण भारद्वाज समेत कई कांग्रेस नेताओं ने भी भाजपा सरकार और नपा प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यदि जल्द आवारा मवेशियों के ठौर ठिकाने की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो टीम मजबूरन सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में प्रशासन को आगाह किया कि जनता की उपेक्षा और लापरवाही का परिणाम गंभीर होगा, इसलिए समय रहते जिम्मेदारी समझें और समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। भाजपा सरकार का गौठानों को बंद करने के फैसले को जनविरोधी बताया। इस दौरान पूरन सारथी, रवींद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सूरज देवांगन, कवल टंडन, भगवानी कोसरे, हरिदर्शन ढीमर, विनोद सिन्हा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

### 207 ग्रामीणों की जांच, 24 मिले मलेरिया पॉजिटिव

# झिलमिली में मलेरिया मुक्त छग का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत जिले को मलेरिया से पूर्णतः मुक्त करने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के नेतृत्व, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ विवेक बिसेन के मार्गदर्शन में व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित हो रहा है।

अभियान तहत शनिवार छुईखदान ब्लाक के मध्यप्रदेश सीमा से लगे अति संवेदनशील गांव झिलमिली और गाताभर्री में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर मलेरिया जांच किया। 207 ग्रामीणों की जांच में 24 मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। स्वास्थ्य टीम ने सभी संक्रमित व्यक्तियों का मौके पर ही त्वरित उपचार प्रारंभ किया और शेष ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य शिक्षा दी। इस दौरान डॉ विवेक बिसेन, बीईडीओ केपी साहू, वीबीडी सुपरवाइजर विवेक मेश्राम, एमएलटी कमलेश साहू, सेक्टर सुपरवाइजर छन्नूलाल रजक, आरएचओ दिग्विजय कंवर, संतोष भरवे, उमाशंकर वर्मा, युवराज साहू, दिनेश पोर्ते, ब्लॉक समंवयक धनेश ओगरे, सीमा पाचे, राजकुमारी मागरे, एमटी तोमती सहारे सहित स्थानीय मितानिन अभियान को सफल बनाने मौजूद थे।



### रेडक्रॉस और जनसहयोग से मिला नया आयाम

अभियान के दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीएम जनमन स्वास्थ्य परीक्षण भी संचालित किया गया। इसके अंतर्गत झिलमिली के 40 परिवारों में स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर मलेरिया जांच की निःशुल्क दवाइयां वितरित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की गई। इसके अलावा स्वच्छता और व्यक्तिगत हाइजीन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। निर्मल त्रिवेणी महाअभियान व नई शुरुआत जैसे जनसहभागिता अभियानों की भागीदारी से ग्रामीणों में हैंडवाश, टूथब्रश और टूथपेस्ट वितरित किया गया। बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर खासतौर पर बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### स्थिति का लिया जायजा

अभियान दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के जिला उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने भी झिलमिली पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर न केवल उनके स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को सुना, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, शासकीय स्कूलों की हालत, और सड़क निर्माण जैसे विकास कार्यों की जानकारी भी ली। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि गांव में बीते दो सालों से सड़क निर्माण का कार्य अटका हुआ है, स्कूल भवन जर्जर हालत में है और जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का काम भी अधूरा है। इस पर उन्होंने ग्रामीणों को आधार अपडेट कराने के लिए प्रेरित किया ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने मौके पर ही योजनाओं की जानकारी और प्रक्रिया समझाई। इस दौरान मंगल सारथी और उत्तम दशरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# गंडई में कांग्रेस भवन के निर्माण पर चर्चा



**गंडई पंडरिया।** एआईसीसी के सहसचिव और पार्टी परिसंपत्ति के प्रभारी नितिन कुंबलकार का रविवार को स्थानीय विश्राम गृह में आगमन हुआ। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री कुम्बलकार ने ब्लॉक कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जहां भी नए जिले बने हैं, वहां राजीव भवन की तर्ज पर कांग्रेस कार्यालय बनाए जाएंगे। यह पहल पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूती प्रदान करने और कार्यकर्ताओं के लिए एक केंद्रीकृत स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। श्री कुम्बलकार ने इस दौरान सबसे कम उम्र के पार्षद अमन सोनी की जमकर तारीफ की। इस दौरान पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, मन्नू चंदेल, संजू चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी, राजेश पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार समाचार

### डाक कांवड़ यात्रा पहुंची सिंघोला महाकाल मंदिर

**राजनांदगांव**। सावन माह के प्रथम दिन डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर सिंघोला महाकाल मंदिर पहुंची। जीवनदान सेवा संस्था ने बताया यह लगातार डाक कांवड यात्रा का तीसरा वर्ष है। श्री बागेश्वर धाम मंदिर, मां पाताल भैरवी बर्फानीधाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा आज इस डाक कांवड यात्रा की शुरूआत की। 14 जुलाई को मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर बागेश्वरधाम रायपुर नाका जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णव, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुदंडा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ला, महेश्वर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल आदि उपस्थित थे।



### शहीद चौबे के नाम वृक्षारोपण

**राजनांदगांव**। छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जोशीलमती में मदनवाड़ा-कोरकोट्टी नक्सल मुठभेड़ में शहीद व्हीके चौबे समेत शहीद 28 जवानों को जनप्रतिनिधियों ने याद कर एक पेड़ शहीद के नाम पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य डॉ. ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सरपंच गोमतीबाई साहू, उपसरपंच चित्रांगन साहू, पंच खुमान साहू, मदन निषाद, पंच बसंतीबाई, पंच गीता साहू, पंच खोमलता साहू, पंच मेनका साहू, पंच शारदा चंद्रवंशी, पंच राम साहू, समाजसेवी डॉ. गोविंद साहू, समाजसेवी देवकुमार निषाद, धरम पोर्ते, हेमंत चंद्रवंशी, जागेश्वर साहू एवं अन्य लोग शामिल थे।



### आधा दिवस अवकाश की मांग

**राजनांदगांव**। संस्कारधानी की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, संगठनों एवं विभिन्न संघ द्वारा मांग की जा रही है कि हर सावन सोमवार के दिन दोपहर 2 बजे तक ही शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन हो। सावन माह में हर सोमवार एक धार्मिक दिवस होने के चलते सावन सोमवार को आधा दिन 2 बजे के बाद सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश दिया जाए।

### कांवड़ यात्रा के पूर्व वृक्षारोपण करेंगे महापौर

**राजनांदगांव**। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ टस्ट्र द्वारा भगवान भोलेनाथ की प्रेरणा से स्वयं की मनोकामना के साथ-साथ सृष्टि, जनकल्याण, राष्ट्रीय भावना आदि के विषय पर कांवड़ यात्रा अनवरत रूप से शिवभक्तों द्वारा निकाली जाती है। श्री बागेश्वर धाम सेवक एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्यों पंकज गुप्ता, मयंक शर्मा, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज सिंघल, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर, राजेश शर्मा, मनोहर चंदेल, मनीष यादव, अनूप तिवारी, प्रज्ञा गुप्ता व मौसमी शर्मा ने बताया कि प्रथम सावन सोमवार को हरित कांवड़ यात्रा में कांवड़ यात्रा के पूर्व तथा कांवड़ यात्रा के जलार्पण के पश्चात मंदिर परिसर में वृक्षारोपण के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।



### अंतर्राष्ट्रीय शबद कीर्तन स्पर्धा में मारी बाजी

**राजनांदगांव**। आओ बनिए गुर सिख प्यारा व परमस क्रिएटिव नेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शबद कीर्तन प्रतियोगिता में खरियार रोड ओड़िसा की मिलप्रीत कौर गुरुदत्ता ने प्रथम व राजनांदगांव की परमजीत कौर ने द्वितीय और बिलासपुर की हरमीत कौर उबेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है। उक्त शबद कीर्तन प्रतियोगिता में राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़िसा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, वेस्ट बंगाल से चयनित लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था। एक माह तक सिक्ख इतिहास, गुरमत ज्ञान और शबद कीतर्न जैसे तीन लेयर को पार कर विजयी होना अपने आप में गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर ओड़िसा और छत्तीसगढ़ की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय किया है। राजनांदगांव श्री गुरु सिंघ सभा प्रबंधक कमेटी ने भी उप विजेता रही परमजीत कौर को उनकी सफलता पर तथा प्रथम स्थान हेतु मिलप्रीत कौर गुरुदत्ता व तृतीय रही हरमीत कौर उबवेजा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है।



### शिविर का 70 ने उठाया लाभ

**राजनांदगांव**। अपने वाहन की सुरक्षा बढ़ाने तथा धोखाधड़ी से बचने प्लेट लगवाने नगर निगम टाउन हॉल में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के लिए 1 जुलाई 2019 के पहले पंजीकृत सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने विभाग के सहयोग से 11 व 12 जुलाई को शिविर आयोजित किया गया है। 11 जुलाई को पार्षदों सहित कर्मचारियों व नागरिकों ने लगभग 70 की संख्या में अपने वाहन के लिए शिविर का लाभ लिया। विभाग के आनंद शर्मा ने जानकारी दी कि निगम आयुक्त विश्वकर्मा की पहल पर नगर निगम में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने शिविर लगाया गया है।



## पृष्ठ 13 का शेष

### गुणवत्ताहीन सड़क को...

पुलिया निर्माण को लेकर छायाचित्र का प्रदर्शनी भी किया गया था एवं चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया गया था। करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-930 में शुरू से ही घटिया निर्माण किया जा रहा है। जितने भी पुलिया है, सभी जगह सड़क धंस रही है। सड़क में क्रैक आम बात हो गया है। सड़क के किनारों की मुरूम पहले बारिश में ही बहने लगी है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सईदा खान, जिला पंचायत सदस्य सुशीला भंडारी जनपद उपाध्यक्ष देवा कौशिक, सभापति राजू पोटाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लच्छू साबले, कांग्रेस नेता अवध चुरेंद्र, मिलाप डोगरे, युकां अजय राजपूत, सरपंच करण बोगा, शुकलाल उसेंडी, युवा नेता रिषभ ठाकुर, युकां अध्यक्ष सागर सिन्हा, डोमन भुआर्य, सज्जाद खां, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष तनुज मंडल, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू मंडावी, आनंद नायक, सत्या सिन्हा के साथ युवा कांग्रेस के साथी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भगवान महाकाल की...

**सावन के प्रथम सोमवार की यात्रा-** प्रथम यात्रा सोमवार 14 जुलाई को नंदई हाट बाजार क्षेत्र से प्रारंभ होकर नंदई चौक, इंदिरानगर चौक, बांसपाईपारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुडाखू लाइन, गोल बाजार होते हुए सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन में हरिहर मिलन होगा। वहीं यात्रा लक्ष्मी मंदिर हमालपारा में विश्राम करेगी।

# 18 मेडल के साथ तीरंदाजों ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर सबसे बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने 18 मेडल जीतकर बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत अन्य ने बधाई दी है।

राजनांदगांव जिले के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान रचा है। खिलाड़ियों ने सीबीएसई स्कूल आर्चरी चैंपियनशिप में 18 मेडल जीतकर इतिहास बनाया है। चटर्जी नोबल स्कूल कोलकाता वेस्ट बंगाल में हुए चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में बड़ी उपलब्धि मिली है। वहीं इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, आईजी अभिषेक शाडिल्य, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा एसपी मोहित गर्ग समेत अन्य ने बधाई दी है।

## कलकत्ता में आयोजित सीबीएसई स्कूल आर्चरी चैम्पियनशिप में राह एकेडमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### पहली बार जिले को राष्ट्रीय स्तर उपलब्धि

अब तक की तीरंदाजी में एक ही प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल और चैंपियनशिप जीतने का रिकॉर्ड भी राह तीरंदाजी के खिलाड़ी ने रिकॉर्ड बनाया है। इनके पीछे इनके कोच वनिता साहू, हीरु साहू और अजेंद्र टाडेकर की मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि पर राजनांदगांव के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जिले के कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बधाई दी है।



**इन्होंने मारी बाजी :** वाईडनियर मेमोरियल स्कूल से प्रियाश भार्गव इंडियन राउंड में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, दिल्ली पब्लिक स्कूल से रोशन चौरसिया 3 गोल्ड, रिचा चौरसिया 3 गोल्ड, द्रोण सोनवानी 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, उपांशु राव 2 गोल्ड, नीरज पब्लिक स्कूल से अर्पिता वर्मा 2 ब्राउंश एवं प्रणव पांडे ने 2 सिल्वर मेडल प्राप्त कर 11 गोल्ड, 5 सिल्वर व 2 ब्राउंश मैडल कुल 18 मेडल प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपनी कड़ी मेहनत और लगन से जीते हैं।

### खिलाड़ियों को प्रोटीन हाइट

इस साल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर एक महीने तक स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन ने रक्षित आरक्षित केंद्र पुलिस लाइन में रखा था। जिसमें आईबी ग्रुप और जिला पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र साथ नक्सल प्रभावित इलाके से आए बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आईबी ग्रुप की तरफ से एमडी बहादुर अली प्रशिक्षण शिविर में आए 80 से अधिक बच्चों को प्रोटीन डाइट और अत्याधिक खेल उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। जिला पुलिस प्रशासन राजनांदगांव के अथक प्रयास से बच्चो को तीरंदाजी का प्रशिक्षण 5 साल से दिया जा रहा है।

## वनांचल में विकास के नाम पर ठेकेदार और अफसर कर रहे गड़बड़ी

# दर्जनभर पंचायतों में घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवगठित जिले के लिए जनहित विकास कार्यों के लिए आवंटित राशि तथाकथित डोंगरगांव निवासी भाजपा नेता एवं ठेकेदार और स्थानीय अफसरों ने षडयंत्रपूर्वक 2 करोड़ से ऊपर की राशि निर्माण के नाम पर मिल बैठकर पचा लिए हैं।

मोहला के करमरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत बिना सेंटरिंग के नाले की मिट्टी के ऊपर ही स्लैब ढालकर बनाए गए 15 लाख की लागत के पुल की दास्तान के बीच पड़ताल में उजागर हुआ है कि डोंगरगांव के संबंधित ठेकेदार को एक ही वर्क आदेश में बिना किसी एग्रीमेंट के अधिकारियों ने सांठगांठ कर मानपुर-मोहला विकासखंड के 12 ग्राम पंचायतों में लागत से कहीं ज्यादा पुल, मुरमीकरण सड़क, सीसी रोड की राशि स्वीकृत कर काम दे दिया गया। जिसमें वृहद पैमाने पर भ्रष्टाचार कर अधिकांश जगहों से राशि अहरण कर निर्माण कार्यों की वाट लगा दी गई।



उल्लेखनीय की जंगल में मोर नाचा किसने देखा की तर्ज पर आदिवासी अनुसूचित जनजाति बहुल्य मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में एक दर्जन के लगभग अंदरूनी ग्राम पंचायतों से सीसी रोड़, पुल निर्माण, मुरमीकरण सड़क के लिए सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राशि जारी की गई थी।

इधर पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि तत्कालीन मोहला जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन, मानपुर सीईओ हनीश खान के साथ-साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने पंचायत के सरपंच-सचिव को सीधे तौर पर कहा कि निर्माण कार्य की स्वीकृति डोंगरगांव एक भाजपा ने लाया है। काम उसी को दे दो जिसके तहत उन्होंने उसे बिना किसी एग्रीमेंट के निर्माण कार्य का ठेका दे दिया। इस दौरान करमरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नाटीपार के नाले की मिट्टी के ऊपर ही पुल का स्लैब करने का मामला सामने आया। जिसके बाद पड़ताल में पता चला है कि स्वीकृत सभी पुल, सीसी रोड, मुरमीकरण सड़क निर्माण में थूक पॉलिश करते भारी भ्रष्टाचार के बीच जैसे-तैसे निर्माण कार्य को खड़ा कर अधिकांश जगहों से राशि आहरण कर ली गई है।

### जांच में संदेह

जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने करमरी पुल के लिए 4 सदस्यीय जांच टीम गठन किए हैं। जिसमें सुभाषचंद्र गोरे अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि इसी विभाग की जिम्मेदारी थी। पुलिया का निरीक्षण कर गुणवत्ता के बीच पुल निर्माण करने का, अब इस जांच में संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि जो गड़बड़ी में शामिल है, उन्हें ही जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

### इन निर्माण कार्यों में धांधली

मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत हलोरा सीसी रोड निर्माण 15 लाख, कोसमी सीसी रोड 18 लाख, सरोली सीसी रोड 18 लाख, सरोली ग्राम पंचायत के आश्रित गांव संबलपुर सीसी रोड 18 लाख, कोहका ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कोड़े पुल निर्माण 15 लाख, ग्राम पंचायत कुम्हारी पुल निर्माण 15 लाख, मोहला विकासखंड के उमरपाल मुरमीकरण सड़क 18 लाख, माडियानवाडवी सीसी रोड 16 लाख, पाटनखास बस स्टैंड कंक्रीटीकरण 16 लाख, ग्राम पंचायत करमरी पुल निर्माण 15 लाख, उसमाल सीसी रोड 18 लाख, घोवड़ेटोला सीसी रोड 18 लाख की निर्माण कार्यों की स्वीकृति अधिकारियों से अंडर टेबल पंचायतों के प्रस्ताव से किया गया।

### ध्रुव की शैक्षणिक उपलब्धि पर गौरवान्वित हुआ क्षेत्र

**राजनांदगांव**। पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों के लिए ध्रुव गांधी एक प्रेरणास्पद उदाहरण बने हैं, जो शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र हैं।



उल्लेखनीय है कि ध्रुव ने अब तक आयोजित चारों राज्य स्तरीय सेमेस्टर परीक्षाओं में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना शैक्षणिक वर्चस्व सिद्ध किया है।

ध्रुव की यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि समूचे जिले में अकादमिक उत्कृष्टता और नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति एक सशक्त संदेश भी देती है। उनकी सफलता के मूल में परिश्रम, अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों का सम्यक संतुलन विद्यमान है।

## बढ़ी हुई बिजली दरों के खिलाफ कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन

### बिजली न्याय यात्रा का होगा आगाज

**राजनांदगांव**। हाल ही में बिजली बिल में प्रति यूनिट की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस बिजली न्याय यात्रा निकालकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा सभी जिला, शहर, ब्लॉक, मोर्चा और संगठन अध्यक्षों को रणनीति बनने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कांग्रेस द्वारा कहा गया है कि राज्य भाजपा सरकार ने चौथी बार फिर आम जनता की जेब में डाका डालने का प्रयास करते बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दिया है। जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ता के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे आम जनता व किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

#### बढ़ी हुई दर वापस लेने न्याय आंदोलन

कांग्रेस द्वारा बढ़ी हुई बिजली दर के खिलाफ कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा आम जनता व किसानों को न्याय दिलाने बिजली दर में की गई बढ़ोत्तरी को वापस लिए जाने की मांग को लेकर बिजली न्याय आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

#### विद्युत कार्यालय का घेराव

कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय आंदोलन के तहत ब्लॉक स्तर में ईई, एई और जेई कार्यालय घेराव 16, 17 और 18 जुलाई को किया जाएगा। वहीं 22 जुलाई को जिला मुख्यालय में विद्युत कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पिछले सप्ताहभर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे। अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे।

नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांग में महीने की पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत हैं और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने प्रयास कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते अतिशीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

श्री सोनी ने बताया कि चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

### आत्मा को मोक्ष से जोड़ना ही योग है

# दिमाग में आईस व जबान शुगर फैक्ट्री हो तो कभी विवाद नहीं होगा : वीरभद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य श्री वीरभद्र (विराग) मुनिजी ने आज यहां कहा कि भूमि को यदि फलदायक बनाना है तो उसे नम बनाना होगा, फिर उसमें बीज और खाद डालना होगा। इसी तरह मोक्ष पाना है तो आत्म कल्याण के मार्ग पर कदम बढ़ाना होगा और इसके लिए जरूरी है दिमाग में अइस फैक्ट्री और जबान में शुगर फैक्ट्री हो। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो जाए तो फिर झगड़ा होगा ही नहीं और आप प्रसन्नचित मन में साधना कर पाएंगे।



जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में आज जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने अपने नियमित प्रवचन में कहा कि आत्मा को मोक्ष से जोड़ना ही योग है। मुनिश्री ने कहा कि हमने ज्ञानियों के ज्ञान को लाइब्रेरी की शोभा बना दिया है, किन्तु अपने मन के भीतर की शोभा नहीं बना पाएं। यदि मन के भीतर ज्ञानियों के ज्ञान को संजोते तो हम आत्म कल्याण मार्ग की ओर बढ़ जाते। उन्होंने कहा कि अपना जीवन गुरु को समर्पित कर दो और उनके बताए मार्ग पर चलो तो आप आत्म कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ोगे और इसके लिए आपका समर्पण एवं विश्वास का भाव होना जरूरी है। साधु है तो शासन है, साधु नहीं तो शासन भी नहीं।

#### आत्म कल्याण की ओर बढ़ें

जैन संत ने आगे फरमाया कि जिस दिन आपका चित्त शांत हो जाएगा, उस दिन से आपके भीतर ज्ञान प्रवेश करने लगेगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के प्रति द्वेष नहीं रखना चाहिए। हमें यह भव मिला है तो इसका सदुपयोग करें। हम अपनी कमियों को दूर कर आत्म कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ें। ये चार माह आत्मकल्याण की ओर अग्रसर करने वाला है और आप इस मौके को मत चूके। इस चार माह में मन शांत रखकर ध्यान आराधना करें और आत्म कल्याण के मार्ग पर कदम बढ़ाए।

### सिंघोला के महाकाल मंदिर में पौधे वितरित



**राजनांदगांव**। ग्राम सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में शनिवार को पौधे वितरित किए गए। महाकाल सेना द्वारा बेल पारिजात आदि के बड़ी संख्या में पौधे वितरित किए जाने के दौरान सांसद संतोष पांडे, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस अवसर पर पवन डागा, राजू डागा, योगेश खत्री, अमित खंडेलवाल, संजू तेजवानी, संतोष पटाक, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित थे।






हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025



# नाम वापसी के बाद 34 अभ्यर्थी मैदान में, संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक चौदह, 20 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रविवार की शाम तक चली इस प्रक्रिया के बाद अब पंद्रह ट्रस्टी के चुनावी मैदान में कुल 34 अभ्यर्थी शेष रह गए हैं। संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक 14 सदस्यों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। ट्रस्ट के तीन हजार मतदाता अब 20 जुलाई को 15 ट्रस्टी चुनने के लिए मतदान करेंगे। वहीं मतगणना की प्रक्रिया 21 जुलाई को पूरी की जाएगी। यह 15 ट्रस्टी ही मंदिर समिति ट्रस्ट के नए अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। इधर नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही अब चुनावी मैदान में शेष अभ्यार्थियों ने अपना प्रचार अभियान भी शुरु कर दिया है।

## मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद साफ हुई चुनावी तस्वीर

### चुने जाएंगे 15 ट्रस्ट मेंबर

डोंगरगढ़ मंदिर समिति ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को होने वाले मतदान में कुल 15 ट्रस्ट सदस्य चुने जाएंगे। इनमें संरक्षक श्रेणी से सात, आजीवन श्रेणी से पांच एवं साधारण श्रेणी से तीन ट्रस्टी चुने जाएंगे। यह चयनित 15 ट्रस्टी अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। ज्ञात हो कि मंदिर समिति ट्रस्ट में कुल तीन हजार सदस्य हैं। जिनमें साधारण श्रेणी में करीबन 1520 सदस्य हैं। आजीवन श्रेणी में 950 सदस्य और संरक्षक श्रेणी में 522 सदस्य हैं।




### प्रचार अभियान का आगाज

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव को लेकर डोंगरगढ़ में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया के निपटने बाद अब प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार अभियान का भी आगाज कर दिया है। पुरानी कार्यकारिणी के सदस्य जहां अपने कार्यकाल में हुई उपलब्धियों को मतदाताओं तक पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरा खेमा ने ट्रस्ट के कामों में हुई गड़बड़ियों की पोल खोल रहे हैं। मतदान को सिर्फ सात दिन शेष होने के चलते एक-दो दिनों के भीतर प्रचार में तेजी आने की भी उम्मीद है।

### यह सदस्य चुनावी मैदान में

**संरक्षक श्रेणी** में मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार चावड़ा, योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, अनिल कुमार गट्टानी, नारायणलाल अग्रवाल, नवनीत तिवारी, गोविंदलाल चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरिश भंडारी एवं विनोद तिवारी शामिल हैं। संरक्षण श्रेणी से सात ट्रस्टी चुने जाएंगे।

**आजीवन श्रेणी** में पीतांबर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र अग्रवाल, रघुवर अग्रवाल, देवेंद्र कुमार मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा, संजय यादव एवं क्रांति टम्मी नामदेव शामिल हैं। आजीवन श्रेणी से पांच ट्रस्टी चुने जाएंगे।

**साधारण श्रेणी** में बबलू शांडिल्य, गौतमचंद चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, अशोक कुमार साहू, सुमित पोद्दार, दीपक चंदाराणा, कौतुभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल एवं महेश तिवारी शामिल हैं। साधारण श्रेणी से तीन ट्रस्टी चुने जाएंगे।

### नए नियमों से बिल्डरों पर कसेगा शिकंजा, लोगों को मिलेगी राहत

# अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, बेचकर भी किसान खरीदार का रहेगा पार्टनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित अब छत्तीसगढ़ में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लाया गया है। इसके तहत कई नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों से बिल्डरों पर शिकंजा भी कसेगा। इन नियमों के लागू होने के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग कर नहीं पाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा।

अब तक देखा गया है कि बिल्डर किसी भी किसान की जमीन कम दर पर खरीदकर वहां कालोनी या फिर अन्य प्रोजेक्ट लाकर उस जमीन के जरिये जमकर मुनाफा कमाता है, लेकिन नए नियम के तहत जमीन बेचने के बाद किसान का जमीन पर हक जरूर नहीं रहेगा, लेकिन उस जमीन पर अगर कोई कालोनी या प्रोजेक्ट संबंधी कोई प्रस्ताव बिल्डर बनाता है, तो इसके लिए पहले उसे संबंधित जमीन के किसान से भी सहमति लेनी होगी। उसकी सहमति के साथ बिल्डर को उस जमीन पर नया कार्य शुरू करने की अनुमति मिल पाएगी। इस तरह अपनी जमीन बेचने के बाद भी किसान उस जमीन के खरीददार का पार्टनर की तरह जुड़ा रहेगा। जिससे उसे लाभ भी मिलेगा।

**खास बातें**

- अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम की कार्रवाई सुस्त
- प्लाटिंग करने से पहले ही बताना होगा किस हिस्से में क्या बनेगा
- नियम नहीं मानने पर होगी कार्रवाई



### किसानों को भी मिलेगा फायदा

नगर निवेश विभाग का कहना है कि नए नियमों से कृषि भूमि बेचने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जमीन बेचने के बाद भी एक प्रकार से वे खरीदार या बिल्डर के पार्टनर की तरह होंगे, क्योंकि उस जमीन पर कोई भी कालोनी का निर्माण या प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए उनकी सहमति वाले आवेदन को ही अनुमति मिलेगी। इससे जमीन बेचने के बाद भी किसान को भी लाभ मिलेगा।

### सुझावों का परीक्षण

सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत राजनांदगांव, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर आदि जिलों में भी दावा-आपत्ति एवं सुझाव मांगे गए हैं। इन सभी जिलों से आपत्ति एवं सुझाव आने के बाद इनका परीक्षण किया जाएगा, जो आपत्तियां सही होंगी, उनका निराकरण भी किया जाएगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 के तहत प्लाटिंग करने के नियमों में बदलाव किया है। इस संबंध में दो सप्ताह पहले अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन नियमों को पूरे राज्य में लागू किया जाना है।

### इन नियमों का करना होगा पालन

प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाईड लाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा। जिससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग का काम बंद भी हो जाएगा। अभी तक बिल्डर या भू-माफिया कोई भी कृषि भूमि को क्रय करने के बाद प्लॉट काटना शुरू कर देते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्लाटिंग अब दो एकड़ से कम जमीन पर नहीं की जा सकेगी। इसकी अनुमति नहीं होगी।

### प्लाटिंग से पहले से पूरा प्लान शो करना होगा

अब तक देखा जाता है कि कई बिल्डर प्लॉट काटने के बाद तय करते थे कि उसकी कुल जमीन में कौन से हिस्से में कौन सा निर्माण करना है, लेकिन नए नियम के तहत अब प्लॉट काटने से पहले अपने पूरे प्लान को शो करना होगा कि कौन से क्षेत्र में सड़क, व्यावसायिक काम्पलेक्स, गॉर्डन या अन्य का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा।

# आबादी इलाके में घुसा तेंदुआ ग्रामीणों ने की रातभर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के आटरा गांव में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक तेंदुए को खुलेआम घूमते देखा। डर और कौतूहल के मिले-जुले माहौल में गांव के ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए उसके आसपास ही डेरा जमाए रहे। पूरी रात वन महकमा, ग्रामीण तथा पुलिस पार्टी तेंदुआ को रेस्क्यू करने गांव में डटे रहे।

उल्लेखनीय है कि जंगल से भटक कर ग्राम आटरा में शनिवार देर शाम जैसे ही एक तेंदुआ गांव की सीमा में दाखिल हुआ, ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल वन विभाग और स्थानीय थाना को सूचना दी गई। जिसपर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के हो-हल्ला के बीच जंगल से भटका हुआ तेंदुआ गांव के एक किसान की बाड़ी में झाड़ियों के बीच दुबक गया। लगभग 8 घंटे की कड़ी मशक्कत और संयुक्त प्रयास के बाद तेंदुआ को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। इस पूरी घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। सुबह करीब 3 बजे तेंदुआ जंगल की ओर लौट गया, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



**सुरक्षित निकाला बाहर:** वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से तेन्दुआ को सुरक्षित बाहर निकालने का काम सफल रहा।

### मुनादी कराई जा रही

सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ सुरक्षित जंगल की ओर निकल गया। ग्रामीण व जंगली-जानवर की सुरक्षा के लिए एक सप्ताह तक आसपास के गांवों में मुनियादी कराई जाएगी, ताकि लोग सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में सजगता बरतें।

**- मनेन्द्र कुमार सिरदार**, एसडीओ, फारेस्ट अं. चौकी

### रातभर जागते रहे अफसर-ग्रामीण

जैसे ही आटरा गांव में तेंदुआ के पहुंचने की खबर वन विभाग को मिली, तत्काल वन अमला तथा पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। साथ ही रातभर जागते हुए तेंदुआ की निगरानी करते रहे।

# कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पिछले सप्ताहभर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे। अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे।

नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांग में महीने की पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत हैं और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने प्रयास कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते अतिशीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

# भगवान महाकाल की पालकी शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सावन के पावन महीने में प्रत्येक सोमवार को शहर सहित जिलेभर में महाकाल भक्तों द्वारा निकाली जाने वाली भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी शोभायात्रा इस वर्ष भी श्रद्धाभक्ति के साथ निकाली जाएगी। महाकाल भक्त नीलू शर्मा और पवन डागा ने बताया कि भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर के रूप में नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। यह पालकी यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करेगी। इस दौरान बाजे-गाजे, भक्ति-भजनों के साथ यात्रा निकाली जाएगी।

⏩ शेष पेज 12 पर

### धोती-कुर्ता में भक्त होंगे शामिल

भगवान महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती, कुर्ता पहनकर पालकी शोभायात्रा में शामिल होंगे। भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर की इस पालकी यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं में भी उत्साह नजर आता है। प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु इस शोभायात्रा में शामिल होते हैं।

# गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर नेशनल हाईवे में युकांइयों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में झलमला से लेकर कोहका तक बन रहे सड़क निर्माण में हो रहे अनियमितता एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के विरोध में जिला युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा ईरागांव-कहगांव के मध्य पुलिया में चक्काजाम किया, जहां गत दिवस बारिश के दौरान घटिया निर्माण कार्य के चलते पुलिया का अप्रोच वाल किसान के फसल में गिर गया था। गनीमत रहा कि एप्रोच वाल रात में गिरा, दिन में गिरने से बड़ी जानमाल की हानि हो सकती थी।

युकां कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को मानपुर के बस स्टैंड में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे एवं गुणवत्ताहीन

⏩ शेष पेज 12 पर



### पदयात्रा कर जताएंगे विरोध

युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल ने कहा कि आगे भी ऐसे सड़क की दुर्दशा होने पर पदयात्रा कर शासन-प्रशासन को जगाने का कार्य करेंगे। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि यह सरकार पहले से रोजगार विरोधी, किसान विरोध, शिक्षा विरोधी तो है ही और अब विकास कार्यों के भी विरोधी हो रही है।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन:** अनुविभागीय अधिकारी अमितनाथ योगी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण, किसान को फसल नुकसान का मुआवजा एवं किसानों के आवाजाही हेतु सड़क निर्माण की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कांग्रेसी और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बारिश बंद होने पर हम लोग जल्दी गिरे हुए वाल और सड़क की स्थिति हो सुधार लेंगे, किसान को उचित मुवावजा दिया जाएगा।

**वाहनों की लगी लंबी कतार** : राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम पर शासन-प्रशासन चौकन्ना रही। पुलिस बल के साथ एसडीओपी, एसडीएम सहित प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सड़क के दोनों ओर लंबी दूरी तक गाड़ियां खड़ी रही।

### मंडलों कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला कार्यकारिणी का होगा गठन

# तीन महीने बाद मंडल कार्यकारिणी जारी, महिलाओं को 30% हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद से ही जारी कार्यकारिणी का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया है। तीन महीने के अंतराल पश्चात रविवार को भाजपा ने शहर उत्तर मंडल एवं दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी सूची जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस बार मंडल कार्यकारिणी में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के साथ ही महिलाओं को भी 30 फीसदी हिस्सेदारी दी गई है। इधर अब मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला भाजपा की कार्यकारिणी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने पिछले साल 23 दिसंबर 2024 को जिले के सभी 16 मंडल के लिए नए अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के चलते कार्यकारिणी गठन का काम रूक गया था। चुनावी परिणाम सामने आने के बाद मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में एक पत्र जारी कर जिला भाजपा ने सभी मंडल अध्यक्षों से अप्रैल के पहले सप्ताह तक अपनी कार्यकारिणी बनाकर जिला संगठन के पास सौंपने को कहा था। ऐसा माना जा रहा था कि अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में कार्यकारिणी जारी कर दी जाएगी, लेकिन शीर्ष नेताओं के चहेतों को स्थान नहीं मिलने से समन्वय की स्थिति नहीं बनने के चलते सूची जारी होने में देरी होती रही। हालांकि बीच-बीच में एक से दो मंडल की कार्यकारिणी जारी होती रही। अब सभी मंडल की कार्यकारिणी जारी कर दी गई है।

### उत्तर में हेतल उपाध्यक्ष, नरेंद्र कोषाध्यक्ष

भाजपा उत्तर मंडल की कार्यकारिणी में सुमित भाटिया अध्यक्ष, हेतल भोजानी, मदन यादव, सज्जन सिंह ठाकुर एवं श्रीमती शालू शर्मा उपाध्यक्ष, चंद्रभा जंघेल और विनोद भारती महामंत्री, नरेंद्र हंसा कोषाध्यक्ष, नरेश कोचरे व प्रमोद साहू सह-कोषाध्यक्ष, संजय पात्रे, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती नेहा शर्मा एवं सुश्री रानू मेश्राम मंत्री, मनोहर साहू कार्यालय मंत्री, श्रीमती प्रेमा सोनकर व मनीष श्रीवास्तव सह-कार्यालय मंत्री, कबीर साहू व अंकित गढ़वाल मीडिया प्रभारी, कमल सिंह ध्रुव सोशल मीडिया प्रभारी एवं अशोक सिन्हा सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी में 66 सदस्यों व विशेष आमंत्रित सदस्य में 35 लोगों को शामिल किया गया है।

### दक्षिण में बलवंत महामंत्री, दामू कोषाध्यक्ष

भाजपा दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी में प्रशांत गुप्ता अध्यक्ष, गितेश गुप्ता, प्रकाश मारकण्डेय, श्रीमती भानू साहू एवं रवि साहू उपाध्यक्ष, अशोकादित्य श्रीवास्तव एवं बलवंत साव महामंत्री, प्रवीण शुक्ला, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती देवकी देवांगन एवं श्रीमती रश्मि साहू मंत्री, सुरेश साहू कार्यालय मंत्री, राज सोनकर एवं डिंपल सेन सह-कार्यालय मंत्री, मनोज मिश्रेकर मीडिया प्रभारी, रोहित अवचट सह मीडिया प्रभारी, चेतन यादव सोशल मीडिया प्रभारी एवं नरेश सारथी सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके साथ ही 50 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। 56 को विशेष आमंत्रित सदस्यों में स्थान मिला है।

**जिले में भाजपा के सोलह मंडल** : ज्ञात हो कि जिले में भाजपा के कुल 16 मंडल हैं। इनमें राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत राजनांदगांव दक्षिण मंडल, राजनांदगांव उत्तर मंडल, सुकुलदैहान मंडल व सोमनी मंडल शामिल हैं। इसी तरह डोंगरगढ़ विधानसभा के डोंगरगढ़ शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, तिलई मंडल, घुमका मंडल हैं। डोंगरगांव विधानसभा में डोंगरगांव, अर्जुनी मंडल, तुमड़ीबोड़ मंडल, मुसरा-मुरमुंदा मंडल व लालबहादुर नगर मंडल शामिल हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया मंडल, गैंदाटोला मंडल व कुमर्दा मंडल में अध्यक्ष की नियुक्ति 23 दिसंबर 2024 को कर दी गई थी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## बलराम सदन सिर्फ भवन नहीं, किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है: विजय शर्मा

# उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा में प्रदेश के पहला सर्वसुविधा युक्त बलराम सदन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों की सुविधा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिषर में नवनिर्मित प्रदेश का पहला बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। उन्होंने कवर्धा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत करते हुए नव निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस को किसानों को समर्पित किया। करीब 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह किसान रेस्ट हाऊस पूरी तरह से सर्वसुविधायुक्त है। इसमें एसी युक्त कक्ष ठंडा पेयजल के लिए वॉटर कुलर, मनोरंजन के लिए टीवी, स्वच्छ शौचालय, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, साफ-सफाई और जल सुविधा जैसी सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस में कवर्धा अनुविभाग के अंतर्गत कवर्धा और पिपरिया तहसील के 184 गांव के लाखों किसान को लाभ मिलेगा। वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों की एक अहम मांग थी कि जब वे अपने राजस्व, कृषि या अन्य प्रशासनिक कार्यों से तहसील और अनुविभागीय कार्यालय पहुंचते हैं, तो उन्हें बैठने और विश्राम करने के लिए कोई समुचित स्थान नहीं मिलता था। बारिश, धूप और घंटों की प्रतीक्षा में किसान खुले में बैठने को मजबूर होते थे। किसानों की इसी वर्षों पुरानी मांग को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज साकार रूप दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संसदीय सचिव सियाराम साहू, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों, किसान संघ, जिला एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थें।





### सुविधायुक्त बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस में मिलेगी सुविधा

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत के बल पर देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था चलती है। जब ऐसे किसान अपने काम से सरकारी दफ्तरों में आते हैं, तो उनके लिए एक सम्मानजनक ठहराव स्थल होना चाहिए। बलराम सदन इसी सोच का परिणाम है। यह सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि किसानों के प्रति हमारी संवेदनशीलता और कर्तव्य भावना का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, 31 सौ में धान खरीदी, फसल बीमा योजना या अब सुविधाजनक ढांचा हो, हर पहलू में किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले समय में जिलों के अन्य अनुविभाग में भी इसी प्रकार के रेस्ट हाऊस बनाए जाएंगे, ताकि हर अनुविभाग, तहसील स्तर पर किसानों को यह सुविधा प्राप्त हो सके।

### प्रदेश के अन्य जिलों के किसानों के लिए मॉडल

बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस को न केवल कवर्धा बल्कि पूरे प्रदेश में किसान सुविधा केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। इस मॉडल को अन्य जिलों में भी लागू करने की योजना बनाई जा रही है ताकि प्रदेश का हर किसान जहां कहीं भी जाए, उसे सुविधाए सम्मान और सहारा मिले।

### किसानों ने उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

बलराम सदन के लोकार्पण अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थें। ग्रामीण अंचलों से आए कृषकों ने इस पहल के लिए राज्य शासन, विशेषकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि लंबे समय से ऐसी सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। बलराम सदन जैसे रेस्ट हाऊस ग्रामीण विकास और किसान कल्याण के लिए एक आदर्श मॉडल हैं। इससे किसानों को न केवल भौतिक सुविधा मिलेगी, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### हमु जाबो मऊहा बीने ला के थीम पर तालाब व गौठान परिषर में पौधरोपण किया गया



**हरिभूमि पिपरिया।** छत्तीसगढ़ी आदिवासी भाइयों के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व का पेड़ महुआ का पौधरोपण हमु जाबो मऊहा बीने ला के थीम पर रविवार को सुबह समय 6 बजे से नगर पंचायत पिपरिया, शहर के पैठु तालाब व गौठान परिषर में किया गया। जिसमें टीम मातृ-वृक्ष नगर पंचायत पिपरिया और पिपरिया विकास संघर्ष समिति नगर पंचायत पिपरिया दोनों टीमों के साथ ही साथ शहर के नेक नागरिक गणमान्यों ने इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। इस पौधरोपण का उद्देश्य नगर पंचायत पिपरिया को सुघ्घर पिपरिया हरियर पिपरिया बनाने और प्रकृति को संवारने का है। उक्त समय पर इन दोनों टीमों के सदस्य विक्रम साहू, दीपक साहू, विमल कुंभकार, राजेश कुंभकार, विष्णु छिपा, भागवत साहू शिक्षक तथा नेक नागरिक गणमान्यों में डॉ एमएल चंद्रवंशी समाज सेवी, हंसराज चंद्राकर व्याख्याता, तुकाराम साहू पूर्व पार्षद, गणेश चंद्रवंशी पूर्व पार्षद, रविन्द्र देवांगन पार्षद, दुर्गेश साहू पार्षद तथा राधे साहू उपस्थित थे।

### द गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल बांधटोला में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** द गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल बांधटोला में गत दिनों गुरूवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने मिलकर गुरु के महत्व को याद किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा गुरु वंदना, कविता पाठ प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने गुरुओं को पुष्प अर्पित कर एवं आरती उतार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती निहारिका चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। गुरु न केवल ज्ञान का स्त्रोत हैं, बल्कि वे जीवन जीने की सही दिशा भी दिखाते हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक एवं छात्राओ द्वारा पौधरोपण का कार्य पूर्ण कर शपथ दिलाया गया कि प्रत्येक विद्यार्थियों को एक वृक्ष अपने गुरु के नाम से लगाने एवं उसकी देखभाल करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### नवीन विप्र-भवन में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** नवीन विप्र-भवन कवर्धा में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम एवं भगवान शंकराचार्यो के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजन किया गया तत्पश्चात गुरुओ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व महर्षि वेद व्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है, उनके द्वारा आज ही के दिन चारो वेदो की रचना की गई थी, इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा। प्राचीनकाल हो या वर्तमान, गुरुओ की भूमिका अहम रही है, गुरु के बिना ज्ञान या विद्या अर्जित करना बहुत ही कठिन है। भगवान दत्तात्रेय द्वारा 24 गुरु बनाए गए थे। गुरु-शिष्य की परम्पराएं भारतीय समाज में बहुत प्राचीन एवं गहरी रही है प्राचीनकाल में शास्त्र एवं शस्त्र की शिक्षा गुरुकुल में प्राप्त किए जाते थे, जहां शिक्षा प्राप्त करने शिष्यो को बहुत कठिन श्रम करने आवश्यकता होती थी। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरुओ के प्रति उनके ज्ञान का आभार प्रकट करना होता है। उक्त अवसर पर विप्र समाज अध्यक्ष बंटी मनीष तिवारी, सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धू तिवारी, कार्यकारणी सदस्य बसंत शर्मा, बीपी पाण्डेय, व्यास नारायण तिवारी, विष्णु शर्मा, हरि शुक्ला साथ ही साथ बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

### पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर के सुहानी कलेक्शन के संचालक जसपाल सिंह सलूजा (काक्का) ने पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ रविवार को नगर के जोरा तालाब पार में पीपल का एक पौधरोपित कर लोगों को पौधरोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। उनके द्वारा पौधों की सुरक्षा हेतु 21 सौ रूपए का सहयोग प्रदान किया गया। उन्होने पौधों की सुरक्षा व देखरेख कर समिति को सहयोग प्रदान किया जाता है साथ ही समय-समय पर जरूरत मंद लोगों का सहयोग किया जाता है। श्री सलूजा ने जल संकट को देखते हुए व पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए लोगों से पौधरोपण करने तथा सुरक्षा करने की अपील की। इस अवसर पर समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, मोहन सिंह (राजू), राजीव श्रीवास्तव व मुकेश कौशिक उपस्थित थे।

## हरिनछपरा चौक से नाऊडीह व दौजरी जाने वाली सड़क जर्जर

- ग्रामीणों ने की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम हरिनछपरा चौक से नाऊडीह व दौजरी जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं। वहीं पिछले चार-पांच दिनों से हुई हल्की तेज बारिश से डामर उखड़कर क्षतिग्रस्त साथ ही साथ गड्ढों में जल भराव की स्थिति निर्मित होने से आवागमन बाधित व ग्रामीणो व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि सड़क जर्जर व जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिल हो रहे है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार ठेकेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर सड़क की मरम्मत व सुधार की मांग की गई ताकि आवाजाही सुगम हो सकें।



## क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक पद्धति से केले व पपीता के खेती-किसानी में जुटे

- अनेक प्रकार की फसल पैदावार कर दोगुनी आमदनी कमा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के किसान द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से केला व पपीता के खेती-किसानी में जुटें हुए है। वर्तमान में नई-नई खोज और आधुनिक आविष्कार से कृषि क्षेत्र मे क्रांति आ गई है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान आज वैज्ञानिक पद्धति से खेती-किसानी कर अच्छी पैदावार कर अधिक मुनाफा अर्जित कर रहे है। जिसमें पैमाने से बंपर पैदावार सब्जी के अलावा अन्य और फसलों की खेती-किसानी करने जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम नाऊडीह के ग्रमीण किसान घनश्याम वर्मा अपने दो एकड़ खेत में केला की पौधरोपण वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा है। जो कि 15 सौ नर्सरी केला पौधे खरीदकर केला की पौधरोपण कर रहे हैं। वहीं ग्राम बीजाझोरी के किसान लाल प्रसाद साहू द्वारा लौकी, टमाटर, बैंगन व बरबटी की खेती-किसानी में जुटे हुए है। साथ ही ग्राम दौजरी के किसान संतोष चंद्रवंशी द्वारा अपने खेतों में पपीता की पैदावार करने जुटे हुए हैं। क्षेत्र के ग्रामीण किसानों एक ही फसलों पर निर्भर ना होकर पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों की तरह एक ही खेतों में अनेक प्रकार की फसल पैदावार कर दोगुनी आमदनी कमा रहे हैं।



## होली किंगडम स्कूल ने आयोजित किया एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान



**हरिभूमि कवर्धा।** होली किंगडम स्कूल में एक पेड़ मां के नाम एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस पहल को स्कूल के संस्थापक पास्टर जोश थॉमस और सह-संस्थापिका लीजी थॉमस के दूरदर्शी नेतृत्व में सफल बनाया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या दिव्या एस मोल, उप प्राचार्य श्याम तिवारी और समस्त शिक्षकों के योगदान ने इसे एक यादगार और सार्थक आयोजन बना दिया। इस अभियान का उद्धेश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साथ ही माताओं के निःस्वार्थ प्रेम और बलिदान का सम्मान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में पास्टर जोश थॉमस ने सभा को संबोधित करते हुए प्रकृति और मां के बीच के गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों का पोषण करती है और उन्हें बढ़ने में मदद करती है, उसी प्रकार पेड़ हमें जीवन प्रदान करते हैं। यह अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और अपनी माताओं के प्रति हमारे सम्मान का प्रतीक है। समस्त शिक्षकों ने भी इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दिया। उन्होंने छात्रों को पौधों के महत्व, उनके रख-रखाव और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया। होली किंगडम स्कूल नियमित रूप से ऐसे पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल स्कूल परिषर की हरियाली में वृद्धि करेगा, बल्कि यह छात्रों के मन में पर्यावरण प्रेम और मातृ-सम्मान के गहरे संस्कार भी रोपेगा।

## गुरुकुल स्कूल में पालक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में नव-प्रवेशी विद्यार्थियों के पालकों का महत्वपूर्ण अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सभी पालकों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सुमधुर स्वागत गीत से पालकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यालय का एक मात्र उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास करना बतलाया। प्रभारी प्राचार्य ने सभी विभागीय प्रभारियों के विषय में पालकों को बतलाया, उन्होंने दृश्य श्रव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा, शिक्षणेतर, गतिविधियों में कुशल शिक्षकों द्वारा पारंगत बनाने की कार्य-विधि बतलाई। उन्होने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यार्थियों को अंग्रेजी ज्ञान तथा संभाषण में दक्ष बनाने के लिए स्पोकन इंग्लिश कक्षाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अंत में प्रभारी प्राचार्य ने पालकों द्वारा उठाए गए कतिपय शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का सफल संचालक वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक के द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया, निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि नव प्रवेशी विद्यार्थियों के पालकों का यह अभिमुखीकरण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास में महती भूमिका निभाएगा।

## शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में गुरु पूर्णिमा का पर्व परंपरागत रूप से हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता शर्मा ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह दीप हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु के बिना सच्चा ज्ञान प्राप्त कर पाना अत्यंत कठिन है, इसलिए हमें सदैव अपने गुरु का सम्मान और आदर करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को गुरु-शिष्य परंपरा की भारतीय संस्कृति में महत्ता बताते हुए जीवन में शिक्षकों की भूमिका को समझने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सहायक शिक्षक अजित यादव, रसोईयां, सफाई कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए भजन, कविता एवं वक्तव्यों के माध्यम से अपनी भावनाएं अभिव्यक्त की। कार्यक्रम का उद्धेश्य बच्चों में गुरुओं के प्रति आदर, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भावना को विकसित करना था। ग्रामवासियों एवं पालकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और विद्यालय परिवार को बधाई दी कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कृति के प्रति जुड़ाव और नैतिकता की शिक्षा प्राप्त होती है।

### सड़क कीचड़ में तब्दील, आवागमन में हो रही भारी दिक्कते

## सुधार कार्य के घोषणा बाद भी कोलेगांव-रूसे मार्ग बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से रूसे, सेमरकोना, दामापुर सड़क की सुधार कार्य के घोषणा बाद भी जिम्मेदारों की भारी उदासीनता व अनियमितता का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कोलेगांव से रूसे मार्ग बदहाल व सड़क कीचड़मय है। वहीं सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने से सड़क पर चलना छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को न्योता देना है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन प्रशासन द्वारा लगभग 1 वर्ष पहले ही सुधार कार्य कि घोषणा की गई। जिसमें ग्राम दामापुर से निगापुर, सेमरकोना, कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, कापा व रूसे मार्ग शामिल है, लेकिन जिम्मेदार ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों की अनदेखी कारण के कारण सड़क और जर्जर तथा सुधार व मरम्मत निर्माण कामकाज की घोषण सिर्फ और सिर्फ कागजों में सिमट गया है। जिस पर क्षेत्रवासी ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द सुधार कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा मिल सकें।



## खबर संक्षेप

### तीन विशेष पर्वों पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए तीन महत्वपूर्ण पर्वो त्योहारों के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा इन तिथियों को स्थानीय अवकाश के रूप में अनुमोदित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश की तिथियां निम्नानुसार हैं। श्रावण मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई 2025 (सोमवार) को, दशहरा (महानवमी) 01 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को और दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 21 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) उक्त अवकाश जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में लागू रहेंगे। हालांकि, इन तिथियों में कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे ताकि वित्तीय लेन-देन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अपर कलेक्टर, जिला कबीरधाम द्वारा इस आदेश को विधिवत जारी कर दिया गया है।

### 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष शिविर

**कवर्धा।** उपमुख्यंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पूरे जिले भर में आगामी 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस शिविर में अनेक लाभ ग्रामीणों, किसानों और अभिभावको को मिलेगा। जिले के सभी 24 राजस्व निरीक्षक कार्यालय मुख्यालयों में यह शिविर लगेगा, जिसमे राजस्व से संबंधित आवेदनों के साथ साथ आयुष्मान कार्य, आधार कार्य नवनीकरण, अपडेट किया जाएगा, साथ ही इस शिविर में किसान भाई अपने एग्री स्टेट से पंजीयन भी किया जाएगा।
कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि शैक्षणिक प्रयोजन हेतु आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज में प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षाओं आदि के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र समय सीमा में और सरलता से जारी किए जाएं।

# भारी अनियमितता तथा घटिया निर्माण के चलते दमतोड़ रही निर्माणाधीन गेगड़ा-चचेड़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम गेगड़ा से चचेड़ी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण में संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा इस कदर अनियमितता तथा मनमानी बरती जा रही है कि निर्माणाधीन सड़क बनने से पहले ही धंसने लगी है और उसमें दरारें आने लगी हैं। वहीं ठेकेदार की मनमानी से ग्राम चचेड़ी का गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। इस गंभीर अनियमितता व मनमानी की शिकायत ग्राम सरपंच तथा क्षेत्र के ग्रामीणों ने बकायदा कलेक्टर से मुलाकात कर और ज्ञापन सौंपकर दर्ज कराई है तथा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण एवं गौठान को व्यवस्थित कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत चचेड़ी की सरपंच श्रीमती पल्लवी राघवेन्द्र तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शासन ने क्षेत्रवासियों की सुलभ आवागमन की मांग पर बारहमासी पक्की डामरीकृत सड़क की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम गेगड़ा से चचेड़ी तक दी है। जिसकी ठेका संबंधित विभाग द्वारा अपने किसी चहेते ठेकेदार को दिया गया है। लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण, किसान तथा विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी इस सड़क के निर्माण में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही घटिया सामग्री के चलते सड़क पूर्ण होने के पहले ही कई स्थानो में धंसने लगी है और डामरीकृत सड़क में दरारें आने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि एक तो दर्जनो अर्जी विनती के बाद शासन द्वारा सड़क की स्वीकृति प्रदान की गई है उस पर भी संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा इतनी घटिया दर्जे की सड़क निर्मित कराई जा रही है तो पहली बरसात का आधा सीजन भी नहीं झेल पा रही है और दमतोड़ते नजर आ रही है। ऐसे में यह सड़क आगे कितने दिनो तक टिक पाएगी इस पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ग्राम सरपंच तथा ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधों से निर्माण कार्य की सूक्ष्म जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।



### ठेकेदार की मनमानी व बेतरतीब कार्यप्रणाली से रोष



ग्राम सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस बात की भी शिकायत की है कि ठेकेदार की मनमानी से गांव का गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्ण गांव के गौठान का मुरमीकरण तथा समतलीकरण कराया गया था ताकि बारिश के दिनो में गांव के मवेशियों को एक उपयुक्त स्थान मिल सके। लेकिन सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार ने गौठान में निर्माण सामग्री डंप करा दी और उसकी लोडिंग अनलोडिंग के लिए आने जाने भारी वाहनो के कारण अब पूरा गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। जिससे न सिर्फ मवेशियों के लिए भारी परेशानी हो गई है बल्कि ग्रामीणों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आरोप यह भी है कि ठेकेदार ने गैर जिम्मेदाराना ढंग से कार्य करते हुए ग्राम चचेड़ी के प्रमुख एवं आस्था के केन्द्र महामाया मंदिर के आहाता की दिवाल को गिरा दिया है। जिससे हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंची है और उनमें रोष व्याप्त हैं। इसी प्रकार ठेकेदार के द्वारा मंदिर जाने वाले करीब 300 मीटर के कांक्रीट भारी वाहन चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इसकी भी क्षतिपूर्ति ठेकेदार से कराए जाने की मांग की है।

### निर्माण कार्य स्वीकृत कराने में नेताओं की रूचि, गुणवत्ता भगवान भरोसे

ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकताओं पर क्षेत्र के मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं व मदों से निर्माण एवं विकास कार्यों की स्वीकृति कराने और उनका भूमिपूजन करने में तो रूचि दिखा रहे हैं। लेकिन जहां तक इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की बात की जाए तो वह भगवान भरोसे ही है। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही है कि इस समय जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार नहीं बल्कि चार इंजनो वाली सरकार काम कर रही है जिसमें चौथा इंजन सत्तारूढ़ दल के नेता बनाम ठेकेदार भी शामिल है।

**कार्यवाही:** चिल्फी पुलिस ने की कार्यवाही, उड़ीसा से राजस्थान ले जाई जा रही थी गांजा की खेप

# ट्रक के गुप्त चैंबर से 120 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/चिल्फीघाटी

चिल्फीघाटी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजा तस्करी करते दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से कुल 120 किलो गांजा बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य लाखों में आंका जा रहा है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्करी के लिए प्रयुक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फी पुलिस को गुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक आरजे 14 सीसी 9595 में उड़ीसा से कोटा (राजस्थान) की ओर भारी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना के बाद हरकत में आई चिल्फी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर ट्रक को रोका और बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक के केबिन और ट्रॉली के बीच अत्यंत पेशेवर तरीके से तैयार किए गए विशेष गुप्त चैंबर से कुल 115 पैकेट में रखा गया करीब 120 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लाखों में बताया जा रहा है। गांजा तस्करी के इस मामले में पुलिस ने अकरम खान पिता बशीट खान, आयु 37 वर्ष, निवासी – हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान तथा पप्पु सिंग पिता हरी सिंग, आयु 32 वर्ष, निवासी हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सउनि बीरबल साहू, आरक्षक इरफान खान, आंसू तिवारी, पप्पू पनागर, सुनील मेरावी, अजय चंद्रवंशी, सुभाष नौरंगे एवं हरजेंद्र रात्रे की विशेष भूमिका रही। इनकी सतर्कता, सजगता और अति-प्रोफेशनल अंदाज ने इस अंतर्राज्यीय तस्करी का पर्दाफाश किया।



### उड़ीसा से खरीदा गया गांजा

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गांजा को उड़ीसा से कोटा, राजस्थान ले जा रहे थे। तस्करी को छिपाने के लिए ट्रक में बड़ी ही चतुराई से विशेष चैंबर तैयार किया गया था। लेकिन चिल्फी पुलिस के सटीक सूचना तंत्र और सर्तकता के चलते इस बड़ी गांजा तस्करी को रोकने में सफलता मिली है। कबीरधाम पुलिस की यह कार्यवाही न केवल आरोपियों को कड़ा संदेश देती है, बल्कि जिले में सक्रिय अन्य आपराधिक तत्वों के लिए भी यह स्पष्ट चेतावनी है कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

### गांजा की खेती और तस्करी का सीजन

वैसे तो गांजा तस्करी के अवैध कारोबार में लिप्त तस्कर पूरे वर्ष भर उड़ीसा से गांजा की तस्करी देश के दूसरे राज्यों में करते हैं। लेकिन वर्षाकाल का यह सीजन न सिर्फ गांजा खरीदी के लिए उपयुक्त माना जाता है बल्कि इसी सीजन में गांजा की खेती भी होती है। सूत्रों की माने तो इस सीजन में गांजा की बोआई की जाती है जो सितम्बर अक्टूबर तक तैयार भी हो जाती है। यही वजह है कि गांजा का कारोबार करने वाले नई फसल आने से पूर्व ही पुरानी फसल को कम दामों में निकाल देते हैं। इस बात को गांजा तस्कर भी भली भांति जानते और समझते हैं और कई राज्यों से गांजा तस्कर अवैध गांजा की खरीदी करने उड़ीसा पहुंचते हैं।



# कवर्धा से भोरमदेव पदयात्रा आज, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सावन के पहले सोमवार 14 जुलाई को कबीरधाम जिले में एक बार फिर आस्था और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा, जब हजारों श्रद्धालु और कंवड़िया भोरमदेव महादेव के पवित्र धाम की ओर 18 किलो मीटर लंबी पदयात्रा पर निकलेंगे। इस पवित्र यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक यह पदयात्रा कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगी, जो ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध भोरमदेव मंदिर परिसर तक पहुँचेगी। पदयात्रा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान भोरमदेव बाबा को माँ नर्मदा के पावन जल से अभिषेक करेंगे। इस अभिनव पहल के अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लगभग 600 पैकेट माँ नर्मदा का जल तैयार किया गया है, जिसे भक्त अपने साथ लेकर जलाभिषेक करेंगे। नगरवासियों, जन प्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है। उपमुख्यंत्री विजय शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधि भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होंगे। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा कवर्धा के पंचमुखी बूढ़ामहादेव में विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना करेंगे। साथ ही कबीरधाम जिले में पूर्व में पदस्थ रहे राज्य शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं एवं व्यापारिक संगठनों से यात्रा में सहभागिता की अपील की है।

# द्वारका चंद्रवंशी बने सरपंच संघ के अध्यक्ष डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कवर्धा विधायक कार्यालय में सरपंच संघ कवर्धा ब्लॉक के नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारका चंद्रवंशी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंचों की भूमिका विकास की बुनियाद होती है। उन्होंने श्री चंद्रवंशी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ ग्रामों की समस्याओं के समाधान और जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी ने नवचयनित अध्यक्ष द्वारका चंद्रवंशी का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने सरपंचों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। विधायक कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मजबूत सरपंच संघ ही सशक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण कर सकता है।

# हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में सात दिवसीय शिव महापुराण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर से सटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समिति, जोराताल द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में 13 जुलाई से 20 जुलाई तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण महाकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण है जहा ज्ञान, भक्ति और धर्म का अद्भुत संगम होगा। निर्धारित आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास महाराज द्वारा 13 जुलाई से 20 जुलाई तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण महाकथा का श्रवणपान कराया जाएगा।

कथा प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा शुभारंभ दिवस 13 जुलाई को प्रातः भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर मंगल ध्वनि के साथ नगर भ्रमण किया। कथा के दौरान पूरे सात दिन भगवान महादेव के विभिन्न रूपों और लीलाओं की मनोहर व्याख्या की जाएगी।

आयोजकों ने बताया कि व्यासपीठ द्वारा सती चरित्र, दक्ष यज्ञ विध्वंस, शिव-पार्वती विवाह, अंधकासुर वध, रावण शिव भक्ति, त्रिपुरासुर वध, और श्रीराम-शिव संवाद की कथा का श्रवणपान कराया जाएगा। वहीं कथा के साथ विशेष रुद्राभिषेक, अर्चन, भजन संध्या, और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कथा समापन दिवस 20 जुलाई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जाता है।

## बेकाबू माजदा वाहन पलटी...

**कवर्धा।** जिले से गुजरने वाले पंडरिया बजाग मार्ग में तीसरे दिन भी सड़क हादसे का सिलिसला जारी रहा। शुक्रवार-शनिवार की रात मार्ग में स्थित ग्राम पोलमी पंचायत भवन के पास सड़क किनारे एक माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ग्रामीण का घर बाल-बाल बच गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



**कवर्धा नगर पालिका के अभियान को जनता का मिला भरपूर समर्थन**

# स्वच्छता में जनता की भागीदारी, उपमुख्यमंत्री की अगुवाई में दर्री तालाब बना प्रेरणा का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार की सुबह कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के दर्री तालाब में पहुंचकर श्रमदान किया और प्रदेशवासियों को स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के श्रमदान में पालिका के दूसरे वार्डो के पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने भी अपना हाथ बढ़ाया। जैसे ही उपमुख्यंत्री श्री शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी सफाई कार्य के लिए दर्री तालाब पहुंचे, स्थानीय वार्डवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते लोग जुटते चले गए और तालाब के चारों ओर मानव शृंखला बनाकर



एकजुट होकर सफाई कार्य में लग गए। कुछ लोग जलकुंभी और कचरा निकालने में जुटे तो कुछ लोगों ने तालाब के किनारे और घाटों की सफाई की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, यह एक जनआंदोलन है। जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक एक साथ मिलकर काम करना चाहिए तभी हम अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बना सकते हैं। कवर्धा की यह पहल पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर पालिका स्वच्छ सुंदर और विकसित कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस अभियान में जनता का ऐसा उत्साह देखना हमारे लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर नगर पालिका की टीम के साथ-साथ समाजसेवी संगठन, युवा समूह, स्वसहायता समूह की महिलाएं और स्कूली बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शहर और वार्डवासियों ने एक सुर में कहा कि उपमुख्यमंत्री का श्रमदान हमारे लिए प्रेरणा है और हम नियमित रूप से अपने वार्ड को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करेंगे।

# रोबोटिक्स कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रोबोटिक्स (मैन्युफैक्चरिंग और एप्लिकेशन) विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गत दिनो प्रौद्योगिकी ग्राम केंद्र, रामपुर ठाठापुर कबीरधाम में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक रोबोटिक्स तकनीक और उसके मानव जीवन में अनुप्रयोग के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. प्रदीप सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. दीपक सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर) और डॉ. नितेश के. भारद्वाज (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्रीमती दुर्गा सिंह नेताम (जनपद अध्यक्ष), गोपाल नेताम (सरपंच), सुदेश सिंह (पूर्व सरपंच), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्राचार्य, गिरधारी परमार सहित अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र चंदवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला में 40 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल कोडिंग सीखी, बल्कि टीमवर्क, संचार कौशल और रोबोटिक्स के नवीनतम विकास के बारे में भी गहन जानकारी प्राप्त की।

